RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 269 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 17 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार : मोदी

## धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क की परियोजना का किया शुभारंभ



**धार/भोपाल (एजेंसी)।** आज 75वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देने के लिए धार पहुंच गए हैं। मंच पर सीएम यादव ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने देश के पहले पीएम मित्र पार्क समेत अन्य परियोजनाओं की सौगात प्रदेश को दी।

पीएम मोदी ने कहा– आज विश्वकर्मा जयंती के दिन बड़ी शुरूआत हुई है। देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क की शुरुआत मध्य प्रदेश से हुई है। इससे देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए मैं एमपी को विशेष बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा– नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहती है तो पूरा घर ठीक रहता है। अगर, मां बीमार हो जाए तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती है। इसलिए स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान माताओं को समर्पित है। इसका मकसद है एक भी महिला जानकारी के आभाव में किसी भी बीमारी का शिकार ना हो। ऐसी बीमारियां जिनका महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा है। ऐसी बीमारी को शुरूआत में पकड़ना जरूरी है। कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों की जांच शुरूआत में ही की जाएगी। देश की महिलाएं मुझको आर्शिवाद देती रहती है। इसलिए ये कार्यक्रम उनके लिए हैं।

पीएम मोदी ने कहा– गुलामी की जंजीरों को तोड़कर देश आगे (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आज का दिन ऐतिहासिक : पीएम

पीएम मोदी ने कहा– आज 17 सितंबर को इतिहासिक अवसर है। आज ही के दिन देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छा शक्ति का उदाहरण देखा था। आज ही के दिन हैदराबाद के लोगों को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई गई थी। इस दिन को कोई याद करने वाला नहीं था। हमारी सरकार ने हैदाराबद की घटना को अमर कर दिया है। हमने इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे के तौर पर मनाने की शुरूआत की है। ये दिन हमें प्रेरणा देता है कि हमारा हर पल देश के लिए है।

### मोदी है तो मुमकिन है : मोहन यादव

सीएम मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मोदी है तो मुमकिन है। हर काम संभव हुआ है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की तरक्की को दुनिया देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई केवल पीएम मोदी के नेतृत्व में ही संभव हो सकती थी। कश्मीर में सबसे ऊंचा ब्रिज बना, नार्थ ईस्ट में ट्रेन पहुंची हैं। यूपीआई ने नए आयाम तय किए हैं। ये सभी कार्य पीएम मोदी के कार्यकाल में ही संभव हुए है। इसके बाद पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर पीएम मित्र पार्क समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी।

# स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव है : गड़करी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-62 में स्थित राष्ट्रीय जैविक संस्थान में आज केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। यह पहल महिलाओं और परिवारों के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस अवसर पर मंत्री गड़करी ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य सिर्फ परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभियान की रूपरेखा और इसके विभिन्न लाभों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री गड़करी ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और मजबूत समाज की नींव है। इस अभियान के जरिए हम महिलाओं को हर स्तर पर समर्थ बनाएंगे। अभियान के तहत आने वाले महीनों में सेक्टर-62 और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, नोएडा विधायक पंकज सिंह, नोएडा महानगर भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान, जिलाधिकारी मेधा रूपम समेत कई भाजपा के कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## विभिन्न सड़क हादसों में दो की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में लापरवाह वाहन चालकों की वजह से महिला व किशोर की मौत हो गई। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

ग्राम शाहपुर कला जनपद बुलंदशहर निवासी बबलू ने थाना जेवर में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि वह 15 सितंबर को अपनी पत्नी सोनी को लेकर बाइक से कासना जा रहे थे। जहांगीरपुर इंडियन गैस एजेंसी के पास तेज गति में आ रहे ट्रक के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान ट्रक का पिछला पहिया उसकी पत्नी के पैरों के ऊपर से उतर गया। गंभीर हालत में सोनी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बबलू की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं थाना दनकौर क्षेत्र के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर 13 सितंबर को तेज गति में आ रहे ट्रक ने छोटा हाथी (टेंपो) में टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपो में बैठे (17 वर्षीय) विकास पुत्र धर्मवीर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## करंट लगने से किशोरी की मौत, तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र के भंगेल में मई माह में करंट लगने से हुई किशोरी की मौत के मामले में ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतका के मामा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि ठेकेदार की लापरवाही की वजह से उसकी भांजी की मौत हुई है। सेक्टर-82 कट के सामने झुग्गी में रहने वाले संजेश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी (14 वर्षीय) भांजी सोनिया उसके पास रह रही थी। 23 मई को भंगेल एलिवेटेड रोड के पिलर नंबर 128 के पास बिजली के ट्रांसफार्मर के पास लगी लोहे की सीढ़ी में उतरे करंट की वजह से सोनिया उसकी चपेट में आ गई। करंट लगने की वजह से सोनिया की मौत हो गई। संजेश का कहना है कि फ्लाई ओवर का काम (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डॉ. प्रवीण रंजन सिंह बने डीसीपी ट्रैफिक



**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने डीसीपी पुलिस मुख्यालय में तैनात डॉ प्रवीण रंजन सिंह को पुलिस उपायुक्त (यातायात) के पद पर नियुक्त किया है। आज उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। मालूम हो कि डॉ. प्रवीण रंजन सिंह इसके पूर्व गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। प्रमोशन होने के बाद उन्हें पुलिस उपायुक्त मुख्यालय बनाया गया था।

## किशोरी लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक क्षेत्र के जलपुरा गांव से एक किशोरी घर से बिना बताए चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जलपुरा गांव में रहने वाले विभोर (काल्पनिक नाम) में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी (16 वर्षीय) बेटी 14 सितंबर की दोपहर को घर से बिना बताए चली गई इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसने अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि वह घर के बाहर खड़ी एक कैब में बैठकर गई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर

# सांसद ने झाड़ू लगाकर किया सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

## सभी मंडलों में चला स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर लगाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया है। इसी क्रम में जहां सभी आठों मंडलों पर सफाई अभियान तथा अन्य कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वहीं निठारी में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। आज सुबह सांसद डॉ. महेश शर्मा ने सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पहले पूजा-अर्चना की (शेष पृष्ठ-3 पर)

### स्वच्छता ही जनसेवा है : नवाब सिंह नागर



**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नोएडा सेक्टर-33 के इस्कॉन मंदिर एवं रॉकवुड पब्लिक स्कूल में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सफाई (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कार का शीशा तोड़ा, तीन गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 के पृथला गांव में ऑफिस के बाहर खड़ी कार के शीशे कुछ युवकों ने तोड़ दिए। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवकों ने पृथला गांव में एक ऑफिस के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए हैं। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि अभय, अंकित व मनु आदि ने इस घटना को अंजाम दिया है। जांच के दौरान पता चला कि विकल यादव व अंकित के बीच 11 सितंबर को एक पार्टी में वाद विवाद हो गया था। इसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विकल यादव (शेष पृष्ठ-3 पर)

# विद्युत एवं यांत्रिकी ने मनाई विश्वकर्मा पूजा




**नोएडा (चेतना मंच)।** आज विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग ने विश्वकर्मा भगवान की पूजा-पाठ की। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया।

सेक्टर-39 स्थित विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग की कार्यशाला में विश्वकर्मा की प्रतिमा के पास पूजा-अर्चना की गई।

इस मौके पर विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के महाप्रबंधक आर.पी.सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक अमरजीत सिंह, गौरव बंसल, पी.के. सेन समेत कई जूनियर इंजीनियर तथा कर्मचारी मौजूद थे।

## धोखाधड़ी से फ्लैट बेचने का प्रयास

### प्रोपर्टी डीलर समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रॉपर्टी डीलर ने फ्लैट मालिक को बिना बताए उसका फ्लैट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से टोकन मनी के रूप में 11 हजार रुपए का चेक ले लिया। फ्लैट स्वामी ने जब इस बात पर आपत्ति जताई तो प्रॉपर्टी डीलर व एक अन्य व्यक्ति ने उसके साथ गाली गलौज कर बीवी बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। धमकी से सहमे फ्लैट मालिक ने थाना सेक्टर-39 में दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-45 की सफायर सोसाइटी में रहने वाले अभय प्रताप सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपना फ्लैट बेचने के (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्राधिकरण ने शुरू किया सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन

## 16 नवंबर तक चलेगा आवारा कुत्तों का टीकाकरण अभियान



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अब सभी आवारा कुत्तों का टीकाकरण तथा डिवार्मिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एस.पी. सिंह ने बताया कि खण्ड-1 के तहत 14 अक्टूबर तक अभियान चलेगा। वहीं खण्ड-2 के तहत 16 नवंबर तक टीकाकरण का अभियान चलाया जाएगा।

जनस्वास्थ्य विभाग के खण्ड-2 के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा ने बताया कि अभी तक 80 कुत्तों का टीकाकरण हो चुका है। इसके लिए तीन एजेंसियां काम कर रही हैं। पीपुल फॉर एनिमल एंड वसुंधरा एनिमल वेलफेयर ट्रस्ट (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शोहदों ने किशोरी को छेड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही किशोरी के साथ दो लड़कों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सलमान (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह तथा उनकी पत्नी मकान के कमरे में सो रहे थे। जबकि उनकी बेटी व अन्य बच्चे ऊपरी मंजिल पर सो रहे थे। रात्रि करीब 2 बजे ग्राम नगला शरीफ का रहने वाला जुनैद पुत्र मुन्ना व नाजिम पुत्र अकबर उसके मकान में घुस आए। इन लोगों ने उसकी बेटी के साथ छेड़खानी की। छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। शोर सुनकर घर के सदस्य जब ऊपर पहुंचे तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नोएडा के निवासियों को धारा-10 नोटिस से निजात की उम्मीद बंधी

## विधायक पंकज सिंह ने प्रमुखता से सीएम के समक्ष रखा मुद्दा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडावासियों को अब धारा-10 के नोटिस से शीघ्र निजात पाने की उम्मीद बंधी है। नोएडा के विधायक तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने नोएडावासियों की शिकायत पर यह मुद्दा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा।

पंकज सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि लोगों की परेशानी के मद्देनजर धारा-10 के नोटिस को खत्म करवायें। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में संबंधित विभाग को निर्देशित करेंगे।

इसके अलावा पंकज सिंह ने नोएडा के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-39 में स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान और कला संकाय के अनुपलब्ध विषयों एवं स्नातक स्तर पर एल.एल.बी. की कक्षाओं का संचालन करने, सोरखा जाहिदाबाद में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना करने, नोएडा के किसानों की समस्याओं के समाधान का मुदद्रा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरतापूर्वक सुनकर जल्द से जल्द सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## अब तीन एसीईओ संभालेंगे नोएडा प्राधिकरण का कामकाज, संजय खत्री का तबादला

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) संजय खत्री का तबादला हो गया है। शासन ने उन्हें बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण का प्रभारी सीईओ बनाया है। अब नोएडा प्राधिकरण में तीन एसीईओ ही विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

बता दें कि अभी तक नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ संजय खत्री के अलावा एसीईओ वंदना त्रिपाठी, सतीश पाल तथा करूणेश कृष्ण तैनात थे। लेकिन अब संजय खत्री का तबादला होने के बाद तीन एसीईओ ही सभी विभागों का कामकाज संभालेंगे।

प्राधिकरण के सूत्रों की मानें तो अभी एक और एसीईओ के तबादले की चर्चा चल रही है। वे पिछले करीब 6 वर्षों से नोएडा प्राधिकरण में तैनात है। अगली सूची में उनका भी नाम आने की संभावना जताई जा रही है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## प्रदूषित शहर

भारत जैसा देश, जो दुनिया भर के प्रदूषित देशों में पांचवें नंबर पर हो, जहां दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर हो और तेरह अन्य शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हों, वहां हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। लेकिन विडंबना यह कि इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा केवल दिल्ली के प्रदूषण और पटाखों पर अंकुश लगाने को लेकर होती है। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। वैसे तो राष्ट्रीय राजधानी में वायु दूषित होने के तमाम कारक हैं,लेकिन पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चर्चा गाहे–बगाहे होती है। खासकर कुछ प्रमुख त्योहारों के मौके व निजी समारोहों में जलाये जाने वाले पटाखों को लेकर लगातार सवाल उठाये जाते हैं। इसकी वजह यह है कि यह प्रदूषण का ऐसा कारण है जिससे बचा जा सकता है। लेकिन यह भी हकीकत है कि दिवाली आदि के मौके पर हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट देखी जाती है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है। कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायानिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है। लेकिन हम इसके बावजूद निजी सुख के लिये दूसरों के जीवन से खिलवाड़ से परहेज नहीं करते। सही मायनों में असली खुशी वही होती है जिससे हमारा समाज सुखी, स्वस्थ और खुश रह सके। अब चाहे हमारे त्योहार हों या निजी उत्सव, वे समाज के लिये अहितकारी नहीं होने चाहिए। देर–सवेर इस संकट की कीमत हर नागरिक को चुकानी पड़ती है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि साफ हवा देश के हर नागरिक का अधिकार है। ऐसे में हमें दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की चिंता के साथ ही शेष देश की भी चिंता गंभीरता से करनी चाहिए। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि दिल्ली में पटाखों पर नियंत्रण का जो भी फार्मूला बने, उसे सारे देश में भी लागू करना चाहिए। यह संकट सारे देश का है। एक नागरिक के तौर पर हमारा जिम्मेदार व संवेदनशील व्यवहार ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर–जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है।

# वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 में हुए सुप्रीम संशोधन के मायने


सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर तो रोक नहीं लगाई, लेकिन उसके कुछेक प्रावधानों में विधिसम्मत और तर्कसंगत संशोधन किया है या फिर पूरी तरह से उन पर रोक लगा दी है। इसलिए वक्फ संशोधन अधिनियम में हुए सुप्रीम संशोधन के मायने समझना बहुत जरूरी है। लोगों को उम्मीद है कि कोर्ट के इस ताजातरीन फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जाएंगी, जो इस नए कानून को लेकर इससे पहले जताई जा रही थीं। चूंकि कोर्ट का यह निर्णय संविधान के अनुरूप है, इसलिए दोनों पक्षों ने इसे मान लिया है। यह एक शुभ लक्षण है।

बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं, क्योंकि इनमें संविधान की भावनाओं का भी ख्याल रखा गया है। इसलिए इसके परिवर्तित मायने राष्ट्रीय एकता के लिहाज से अहम हैं।

पहला, कोर्ट ने उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसमें वक्फ बनाने के लिए व्यक्ति का 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना जरूरी था, बताया गया है। हालांकि यह रोक तभी तक लागू रहेगा जब तक राज्य सरकारें इसके लिए अलग से नियम नहीं बना देतीं। चूंकि यह शर्त मनमानी हो सकती थी, इसलिए अदालत ने इसे स्थगित कर दिया है। समझा जाता है कि वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेती। चूंकि देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। इसलिए यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी।

दूसरा, कोर्ट ने यह भी निर्णय दिया है कि जिला कलेक्टर को यह फैसला देने का अधिकार नहीं है कि कोई संपत्ति वक्फ है या नहीं, जब तक वक्फ ट्रिब्यूनल या कोर्ट अंतिम निर्णय न कर ले। इससे कलेक्टर की शक्ति सीमित हुई है और मनमानी पर रोक लगी है। यह एक अहम संशोधन है, क्योंकि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नामित अधिकारी की आंशिक रूप से रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर–वक्फ नहीं माना जा सकता। समझा जाता है कि अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों– विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा।

तीसरा, वक्फ बोर्ड में सदस्यों की संख्या और गैर–मुस्लिम सदस्यों की सीमा में संशोधन भी कुछ हद तक सुरक्षित की गई है, लेकिन कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर स्थगन लगाया है। लिहाजा लोगों को उम्मीद है कि अब उनकी सरकार अन्य धर्मों के लिए भी इसी तरह के कानून लाएगी व उसका अनुपालन का निर्णय करेगी।




> *वक्फ बोर्ड में सदस्यों की संख्या और गैर–मुस्लिम सदस्यों की सीमा में संशोधन भी कुछ हद तक सुरक्षित की गई है, लेकिन कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर स्थगन लगाया है। लिहाजा लोगों को उम्मीद है कि अब उनकी सरकार अन्य धर्मों के लिए भी इसी तरह के कानून लाएगी व उसका अनुपालन का निर्णय करेगी।*

चतुर्थ, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों को शक्ति के %मनमाने% प्रयोग को रोकने के लिए अस्थायी रूप से स्थगित किया है, जिसमें वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण और बुजुर्गों का धर्म पालन जैसे मुद्दे शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है।

यूँ तो इस बाबत दायर याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाए जाते है और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। देखा जाए तो इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो। इसलिए उसने समझदारी पूर्वक बीच का रास्ता निकाला है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने इस संवेदनशील मामले में बेहद संतुलित नज़रिया अपनाया है।

सच कहा जाए तो कोर्ट का यह फैसला वक्फ कानून में संतुलित नज़रिया को अधिक न्यायसंगत और संवैधानिक बनाने की दिशा में संकेत देता है। साथ ही इसके मार्फ़त सरकारी शक्तियों और व्यक्तिगत अधिकारों का संतुलन बनाने का प्रयास भी किया गया है। कोर्ट के इस फैसले से संबंधित कुछ नियम और प्रावधान तभी तक लागू नहीं होंगे, जब तक इस बारे में अधिक स्पष्ट नियम और निर्देश नहीं बन जाते।

इस तरह से स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी है, जबकि पूरे कानून पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई है। ऐसा करके उसने एक ओर जहां संतुलित नजरिया अपनाते हुए शक्ति का संतुलन बिठाने की कोशिश की है, वहीं दूसरी ओर वक्फ कानून पर फैसला देते हुए उसने अतिरिक्त संवेदनशीलता की जरूरत भी समझी है। यही वजह है कि अपेक्षाकृत विवादास्पद मामलों में उसका एक और जिम्मेदारी भरा निर्णय सामने आया है, जिससे देश–प्रदेश ने राहत की सांस ली है।

**– कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजननीतिक विश्लेषक**

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि ( अन्तर्यामी ) श्री रामचन्द्रजी ने छोटे भाई के मन की दशा जान ली, ( तब ) उनके हृदय में भक्तवत्सलता उमड़ आई। वे गुरु की आज्ञा पाकर बहुत ही विनय के साथ सकुचाते हुए मुस्कुराकर बोले ।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नाथ लखनु पुरु देखन चहहीं। प्रभु सकोच डर प्रगट न कहहीं।।**
**जौं राउर आयसु मैं पावौं। नगर देखाइ तुरत लै आवौं।।**

हे नाथ! लक्ष्मण नगर देखना चाहते हैं, किन्तु प्रभु (आप) के डर और संकोच के कारण स्पष्ट नहीं कहते। यदि आपकी आज्ञा पाऊँ, तो मैं इनको नगर दिखलाकर तुरंत ही (वापस) ले आऊँ।।

**सुनि मुनीसु कह बचन सप्रीती। कस न राम तुम्ह राखहु नीती।।**
**धरम सेतु पालक तुम्ह ताता। प्रेम बिबस सेवक सुखदाता।।**

यह सुनकर मुनीश्वर विश्वामित्रजी ने प्रेम सहित वचन कहे– हे राम! तुम नीति की रक्षा कैसे न करोगे, हे तात! तुम धर्म की मर्यादा का पालन करने वाले और प्रेम के वशीभूत होकर सेवकों को सुख देने वाले हो।।

**दो0–जाइ देखि आवहु नगरु सुख निधान दोउ भाइ।**
**करहु सुफल सब के नयन सुंदर बदन देखाइ।।**

सुख के निधान दोनों भाई जाकर नगर देख आओ। अपने सुंदर मुख दिखलाकर सब (नगर निवासियों) के नेत्रों को सफल करो।।

(क्रमशः..)

## जहाज निर्माण कारोबार की संभावनाएं

जब भारत 2047 तक विकसित देश बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में एक मजबूत समुद्री प्रणाली विकसित किए बिना यह संभव नहीं हो सकता है। हाल के दिनों में इस क्षेत्र में कुछ विकास के बावजूद, लक्ष्य बहुत दूर है। स्वतंत्रता के बाद, हालांकि कुछ बंदरगाहों के नवीनीकरण, जहाज निर्माण और प्रमुख बंदरगाहों के आसपास बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कुछ प्रयास किए गए, फिर भी भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पिछड़ा रहा। केवल बंदरगाहों के मामले में ही नहीं, जहाज निर्माण के मामले में भी हम अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से पिछड़ गए। जहाज वहन क्षमता की बात करें तो इसमें भी भारत का योगदान बहुत ही मामूली है। दिसंबर 2023 तक, वैश्विक जहाज स्वामित्व में भारत का हिस्सा केवल 1.2 फीसदी है, जबकि ग्रीस का 17.8, चीन का 12.8 और जापान का 10.8 फीसदी है। इसके अलावा दुनिया के केवल 0.77 फीसदी जहाज ही भारतीय ध्वज के तहत पंजीकृत हैं। भारत की समुद्री परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन परंपराओं में से एक है। भारत के उच्च औद्योगिक विकास एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हमारी 7500 किलोमीटर लंबी तटरेखा और हिंद महासागर में केंद्रीय स्थिति की विशेष भूमिका रही है। सिंधु घाटी सभ्यता के साक्ष्य लोथल में बंदरगाह और मेसोपोटामिया के साथ व्यापार को दर्शाते हैं, जहां सूती वस्त्र, मनके और हाथीदांत का धातुओं और घोड़ों के बदले आदान–प्रदान होता था। वैदिक काल में भी, समुद्री यात्रा सुप्रसिद्ध थी, ऋग्वेद और महाकाव्यों में जहाजों और यात्राओं का वर्णन मिलता है। मौर्य काल (321–185 ईसा पूर्व) तक, समुद्री व्यापार राज्य द्वारा नियंत्रित था, जैसा कि कौटिल्य के अर्थशास्त्र में देखा जा सकता है। ताम्रलिप्ति, भरूच और सोपारा जैसे बंदरगाह भारत को भूमध्य सागर और दक्षिण–पूर्व एशिया से जोड़ते थे। दक्षिणी राजवंशों, विशेषकर चोलों (9वीं–13वीं शताब्दी) ने एक दुर्जेय नौसेना का निर्माण किया। मध्यकाल (13वीं–15वीं शताब्दी) में, कालीकट, कैम्बे और सूरत जैसे बंदरगाह हिंद महासागर क्षेत्र में फल–फूल रहे थे, जो अरब, फारसी और चीनी व्यापारियों को आकर्षित कर रहे थे। भारत मसालों, वस्त्रों और रत्नों का निर्यात करता था, जबकि घोड़े, सोना और चांदी का आयात करता था।

1498 में पुर्तगालियों के आगमन के साथ, भारत का समुद्री प्रभुत्व कम हो गया, क्योंकि यूरोपीय शक्तियों ने धीरे–धीरे मसाला व्यापार पर एकाधिकार कर लिया। लेकिन औपनिवेशिक शासन से पहले सहस्राब्दियों तक, भारत एक समुद्री महाशक्ति बना रहा, जिसने पूरे एशिया और उसके बाहर व्यापार, संस्कृति और सभ्यता को प्रभावित किया। हाल ही में, केंद्र सरकार ने भारत में जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं और कई नीतिगत उपाय भी लागू किए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही बड़े जहाज निर्माण को बुनियादी ढांचा का दर्जा दिया जाएगा, जिससे कंपनियों को बेहतर शर्तों पर वित्तपोषण प्राप्त हो सकेगा। इससे भारत में जहाज निर्माण में आसानी होगी और भारतीय शिपयार्ड संचालन को बढ़ावा मिलेगा। जहाज निर्माण और संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए दीर्घकालिक, कम लागत वाला वित्त प्रदान करने हेतु 250 अरब रुपए (लगभग 2.9 अरब डॉलर) का एक समर्पित कोष भी शुरू किया गया है। जहाज निर्माण और जहाज तोडने् में उपयोग होने वाले इनपुट पर आयात शुल्क अगले 10 वर्षों के लिए माफ कर दिया गया है, जिससे घरेलू कंपनियों की लागत कम हो गई है। शिप–ब्रेकिंग क्रेडिट नोट योजना एक पहल है, जो क्रेडिट नोट जारी करके भारतीय यार्डों में पुराने जहाजों को तोडने् के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे बेड़े के नवीनीकरण को बढ़ावा मिलता है और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है। भारत के 7500 किलोमीटर से ज्यादा लंबे समुद्र तट को देखते हुए, समुद्री क्षेत्र भारत के व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है। आज, मात्रा के हिसाब से 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 70 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। फिर भी, अपने सामरिक महत्व के बावजूद भारत जहाजों के लिए विदेशी देशों पर बहुत अधिक निर्भर है, जिसके परिणामस्वरूप परिवहन लागत बढ़ रही है और यह हमारे सामरिक हितों के भी विरुद्ध है। भारत का जहाज निर्माण उद्योग न केवल समुद्री व्यापार के लिए, बल्कि देश की रक्षा तैयारियों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें परिवहन, रक्षा और वाणिज्य के लिए उपयोग किए जाने वाले जहाजों का निर्माण, मरम्मत और रखरखाव शामिल है।

हाल ही में विकास = भारत का जहाज निर्माण उद्योग 2022 में लगभग 9 करोड़ अमरीकी डॉलर से बढक़र 2024 में 1.12 अरब अमरीकी डॉलर हो गया है, और अनुमान है कि 2033 तक यह उद्योग अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच सकता है, जो कि 60 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि है। हालांकि, देश अभी भी वैश्विक जहाज निर्माण क्षेत्र में बहुत छोटा स्थान रखता है। 1 फीसदी से भी कम बाजार हिस्सेदारी के साथ 22वें स्थान पर है। इसकी तुलना में, चीन, दक्षिण कोरिया और जापान मिलकर वैश्विक जहाज निर्माण बाजार के 93 फीसदी हिस्से पर कब्जा बनाए हुए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि भारत 2030 तक शीर्ष 10 जहाज निर्माण राष्ट्रों में शामिल हो जाए, और मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 और अमृत काल विजन 2047 के तहत 2047 तक भारत शीर्ष 5 में शामिल होने की आकांक्षा रखता है। लेकिन इस क्षेत्र में एक महाशक्ति होना कोई आसान काम नहीं है। सबसे पहली चुनौती उच्च बुनियादी ढांचा लागत की है। जहाज निर्माण एक पूंजी प्रधान उद्योग है जिसके लिए शिपयार्ड में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है। लंबी परिपक्वता अवधि और अनिश्चित प्रतिफल के कारण, यह क्षेत्र कई निवेशकों को जोखिम भरा लगता है। दूसरे, लंबे समय तक इस उद्योग में अधिक गतिविधि न होने के कारण भारत में प्रौद्योगिकी पुरानी है और कुशल जन शक्ति का अभाव है, जिसके कारण वैश्विक प्रतिस्पर्धा कठिन हो जाती है।

तीसरे, इस क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान भारत में जहाज निर्माण हेतु प्रमुख बाधा है। यह उद्योग इंजन, प्रणोदन प्रणाली और नेविगेशन उपकरण जैसे महत्वपूर्ण घटकों के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इससे न केवल लागत बढ़ती है और समय सीमा में देरी होती है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के झटके भी इसे अत्यधिक प्रभावित करते हैं। चौथे, चीन, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में, भारतीय शिपयार्ड को 25–30 फीसदी अधिक लागत का सामना करना पड़ता है। श्रम उत्पादकता, महंगा वित्त और घरेलू स्तर पर उच्च–श्रेणी के स्टील और अन्य सामग्रियों की सीमित उपलब्धता इसके प्रमुख कारण हैं। जहां इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों को मजबूत सरकारी समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त हैं, भारत में पर्यावरणीय नियम, प्रत्यक्ष सबसिडी का अभाव और उच्च ब्याज दरें इस क्षेत्र के विकास में बाधा डाल रही हैं। जहां भारत के लिए अपनी लॉजिस्टिक लागत कम करने और स्वयं को सामरिक दृष्टि से मजबूत बनाने हेतु जहाज निर्माण और जहाजरानी क्षेत्र अत्यंत महत्व का है, इन कमजोरियों के कारण भारत का यह महत्वपूर्ण क्षेत्र विकास से अछूता रह गया, उन्हें दुरुस्त करने की आवश्यकता है। यह क्षेत्र स्वदेशी युद्धपोतों के निर्माण, उन्नत तकनीकों को अपनाने और विदेशी सैन्य उपकरणों पर निर्भरता कम करने की ओर एक महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। बहरहाल, जहाज निर्माण और मरम्मत के बुनियादी ढांचे में निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की आवश्यकता होगी।

**–डा. अश्वनी महाजन**

## राशिफल

**भाद्रपद माह, शुक्ल पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
लाइफ में लग्जरी बढ़ेगी। भूमि, भवन और वाहन के खरीदारी संभाग है। थोड़ा गृह कलह के भी आसार हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
प्रेम, संतान मध्यम चल रहा है। व्यापार आपका सही चल रहा है। काली जी को प्रणाम करते रहें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। का साथ होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम, संतान अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम, संतान का साथ। व्यापार बहुत अच्छा। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य प्रभाव दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। राजनीतिक लाभ होगा। पिता का साथ होगा। उच्च अधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। व्यवसायिक सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम, संतान अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। हालांकि कुछ ज्ञान प्राप्ति के योग चल रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धनु राशि परेशानी का सामना करना पड़ेगा। परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। गुण, ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शुभदायक। फिल्मकारों के लिए, लेखकों के लिए, कवियों के लिए।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
पारिवारिक उत्थान करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है। प्रेम,संतान की स्थिति काफी अच्छी है।

# यूपी में शिक्षकों का टीईटी के खिलाफ प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गौतमबुद्धनगर ने अनिवार्य टीईटी की बाध्यता के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को जिला मुख्यालय सूरजपुर पर हजारों शिक्षक एकजुट हुए और जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

धरने की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने की जबकि संचालन जिला मंत्री गजन भाटी ने किया। ज्ञापन में एक सितम्बर 2025 को माननीय न्यायालय के आदेश का विरोध किया गया, जिसमें 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों और प्रमोशन पाए शिक्षकों के लिए टेट को अनिवार्य ठहराया गया है। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा कि न्यायालय का आदेश शिक्षक विरोधी है। 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट थोपना उचित नहीं है।

जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने सरकार पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि 2017 में लागू किया गया यह काला कानून शिक्षकों और उनके परिवारों के भविष्य के लिए घातक है। इसलिए टेट की अनिवार्यता तत्काल खत्म की जानी चाहिए।

जिला मंत्री गजन भाटी ने बताया कि यह ज्ञापन प्रदेश के हर जिले में प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए सौंपा गया है। उनका कहना था कि नियुक्ति के समय सभी शिक्षकों ने योग्यता मानदंड पूरे किए थे, ऐसे में टेट थोपना नियम विरुद्ध है।

धरने में जिले, ब्लॉकों और तहसीलों के साथ संघर्ष समिति की कार्यकारिणी तथा हजारों शिक्षक शामिल हुए। अपर जिलाधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग प्रधानमंत्री तक पहुंचाई जाएगी।

# ख्वाजा फारूक रेंजुशाह ने कश्मीर की आध्यात्मिक विरासत पर प्रकाश डाला



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के भारतीय संस्कृति वैश्विक केंद्र ने भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान पर विचार के अंतर्गत डॉ ख्वाजा फारूक रेंजुशाह ने कश्मीर, ज्ञान, पुनर्जागरण और शारदा शीर्षक से व्याख्यान दिया।

वह एसएमसी के पूर्व आयुक्त, उपायुक्त, स्थानीय निकाय निदेशक, अतिरिक्त आयुक्त कश्मीर, श्रीनगर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हैं। इसका उद्देश्य सांस्कृतिक जागरूकता और प्रशंसा को बढ़ावा देना- यह जानना कि कैसे कश्मीर ऐतिहासिक रूप से दर्शन, साहित्य, अध्यात्म और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के एक जीवंत केंद्र के रूप में कार्य करता रहा है, जिसने भारतीय सभ्यता के व्यापक आख्यान को आकार दिया है।

# पूरे देश में भव्यता के साथ मन रहा प्रधानमंत्री का जन्मदिन : प्रधान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज पूरे देश में 75वां जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में भाजपा कार्यकर्ता मना रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय प्रधान (बिसरख) ने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन जगह-जगह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज 75 वर्ष के पूरे हो गए। उन्होंने कहा कि जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने जब से प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है तभी से देश निरंतर तेजी के साथ आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज भारत की विश्व के पटल पर एक अलग पहचान बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रोजगार से लेकर रक्षा क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हर पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान, गरीबों में फल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन जगह-जगह किया जा रहा है।



## विनोद बने संयोजक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का विनोद प्रजापति को दादरी नगर का संयोजक बनाया गया है। विनोद प्रजापति के संयोजक बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# इफको में हिंदी सप्ताह पर रंगारंग प्रतियोगिताओं का आयोजन

**प्रयागराज/फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई में हिंदी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के लिए हस्तलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि महिला वर्ग के लिए अंताक्षरी प्रतियोगिता और हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंताक्षरी प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि विनीता कुदेशिया रही। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य देवनागरी लिपि और हिंदी कविता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मातृभाषा के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में हिंदी समिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता , जनसंपर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश , तथा समिति के सदस्य हेमलता सिजोरिया, अरविंद चौहान, अभिनंदन यादव, नीतू सिंह, अभय कुमार और रजनीश मिश्र भी उपस्थित रहे।



## पृष्ठ एक के शेष....

### नारी शक्ति राष्ट्र की...

बढ़े ये हमारे देशभक्त चाहते थे। हमने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस विकसित यात्रा के चार स्तंभ हैं। भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति गरीब और किसान। इस कार्यक्रम में चारों स्तंभों को मजबूती देने का काम हुआ है। ये कार्यक्रम धार में हो रहा है लेकिन ये पूरे भारत के लिए हो रहा है। यहां से स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार जैसे महा अभियान की शुरूआत हो रही है। पूरे देश में आदि सेवा की गूंज सुनाई दे रही है। आज से इसका मध्यप्रदेश संस्करण शुरू हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। हमारे जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया है। ये नया भारत है ये किसी की परमाणु धमकी से डरता नहीं है। ये नया भारत है घर में घुसकर मारता है।

धार में सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। अपने कौशल से राष्ट्र निर्माण में लगे करोड़ों भाइयों और बहनों को मैं प्रणाम करता हूं। धार की धरती हमेशा से पराक्रम की धरती रही है, प्रेरणा की धरती रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आप कितने भी दूर हों, मैं सब समझ लेता हूं, इस पर मोदी-मोदी के नारे लगने लगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लोग हमेशा अनुशासन में रहते हैं। किसी भी तरह की तकलीफ में अपने आप को समायोजित कर लेते हैं।

### धोखाधड़ी से...

लिए प्रॉपर्टी डीलर ऋषि शर्मा से बात की थी। फ्लैट के सही दाम न मिलने पर उसने ऋषि शर्मा को फ्लैट बेचने से इनकार कर दिया। अभय प्रताप के मुताबिक ऋषि शर्मा ने 7 सितंबर को उससे बात किए बिना उसके फ्लैट की टोकन मनी के रूप में 11 हजार रुपए का चेक विवेक कुमार माहेश्वरी से ले लिया। विवेक कुमार माहेश्वरी ने जब उस फ्लैट की बाबत बात की तो उसे इस बात की जानकारी हुई। अभय प्रताप के मुताबिक प्रॉपर्टी डीलर ऋषि शर्मा व मोहित चौहान ने मिलीभगत कर विवेक कुमार माहेश्वरी से टोकन मनी के रूप में चेक ले लिया। जबकि इसकी कोई जानकारी उसे नहीं थी। उसने इस संबंध में जब दोनों से जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। गाली-गलौज का विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसे तथा उसके बीवी बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### कार का शीशा...

को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 15 सितंबर को विकल यादव जमानत पर रिहा होने के बाद पृथला गांव निवासी नितिन यादव से मिलकर अपने घर चला गया। देर रात्रि नितिन यादव भी अपना ऑफिस बंद कर घर चला गया। रात्रि के समय तीन युवकों ने नितिन यादव के ऑफिस के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की। एक युवक ने डंडे से कार की विंडस्क्रीन और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए।

तोड़फोड़ की यह पूरी घटना ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कमरे में रिकॉर्ड हो गई। हालांकि इस दौरान अफवाह उड़ी कि कुछ लोगों ने कार पर कई राउंड फायरिंग की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### किशोरी लापता....

सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी बेटी कैब में बैठते हुए स्पष्ट दिख रही है। 14 सितंबर से ही उसकी बेटी का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। विभोर ने पुलिस को कब नंबर देते हुए अपनी बेटी के तलाशने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### करंट लगने से किशोरी...

करा रहे ठेकेदार पवन की लापरवाही की वजह से यह दुर्घटना हुई थी। पवन ने ही ट्रांसफार्मर के खंबे के पास लोहे की सीढ़ी रखवाई हुई थी। सीढ़ी में उतरे करंट की वजह से उसकी भांजी सोनिया की जान चली गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### विभिन्न सड़क हादसों ...

निवासी गंगा कुंज जनपद बुलंदशहर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रकाशों देवी ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ितों द्वारा दिए गए वहां नंबरों के आधार पर आरोपी वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

### सांसद ने झाड़ू लगाकर...

तथा उनके दीर्घजीवी व स्वस्थ्य रहने की भगवान से कामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के बाहर परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, मंडल अध्यक्ष शशिधर उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, महामंत्री चंदगीराम यादव, भूपेश चौधरी, संयोजक विनोद शर्मा, अशोक मिश्र, ओमवीर अवाना समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। उधर अन्य सातों मंडलों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां मंडल अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्वच्छता ही जनसेवा...

कर्मियों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा महानगर के महामंत्री गणेश जाटव, मंडल अध्यक्ष दीनबंधु एवं पूरी मंडल की टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर श्री नागर ने कहा कि कि स्वच्छता ही सेवा है—यह जनांदोलन मोदी जी की उस अदम्य ऊर्जा और संकल्प का प्रतीक है, जिसने भारत को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। उनका व्यक्तित्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्रोत है जिसने हर भारतीय को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जागरूक किया है।

### प्राधिकरण ने शुरू किया...

और हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल की ओर से नोएडा के सेक्टर ओर गांवों में रोस्टर के अनुसार वैक्सीनेशन ओर डायवर्मिंग रिकॉर्ड रखने का काम किया जा रहा है। अब तक करीब 80 की संख्या में स्ट्रे डॉग्स की वैक्सीनेशन की जा चुकी है। आरडब्लूए एवं प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा सेक्टरों एवं ग्रामों में स्ट्रे डॉग्स के लिए फीडिंग के स्थान को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। आगामी दिनों में नोएडा क्षेत्र के जन स्वास्थ्य खण्ड-प्रथम एवं द्वितीय के अंतर्गत आने वाले सेक्टर/ ग्रामों में निम्न वैक्सीनेशन के लिए रोस्टर जारी दिया गया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# पड़ोसियों ने महिला को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में महिला के साथ पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने मारपीट की। महिला को बचाने आए उसके पति में बच्चों को भी युवकों ने पीट दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जलपुरा के शिव मंदिर वाली गली में रहने वाली शशि ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले राजू और नितिन ने बेवजह उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर उसका पति व बच्चे मौके पर पहुंचे और बीच बचाव का प्रयास किया। दोनों आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस दौरान दोनों आरोपियों ने धमकी दी कि वह उनके परिवार को मोहल्ले में रहने नहीं देंगे महिला के मुताबिक मारपीट में उसे गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जियो टॉवर से बैटरी चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-81 स्थित भूडा गांव में लगे रिलायंस जियो के टावर से चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। मोनू कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रिलायंस जियो का टॉवर भूड़ा गांव में लगा हुआ है। 6 सितंबर को इस टॉवर से सिग्नल डाउन होने की शिकायत मिली थी टेक्निकल टीम ने जब टॉवर कनेक्शन किया तो पता चला कि अज्ञात चोर ने यहां से बैटरी चोरी कर ली है। टेक्निकल टीम ने इसकी जानकारी कंपनी को दी। मोनू कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# युवक का मोबाइल छीना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के बिजली घर के पास बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

निठारी में रहने वाले हिमांशु सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 15 सितंबर को निठारी से सेक्टर-19 की तरफ जा रहा था वह जैसे ही सेक्टर-20 स्थित बिजली घर के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर आए एक युवक ने झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उसने उक्त बाइक सवार को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह तेजी से बाइक को दौडाकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित के मुताबिक अचानक हुई इस घटना से वह हड़बड़ा गया और बाइक का नंबर भी नोट नहीं कर पाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू व चोरी की चार बाइक बरामद की हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि सेक्टर-44 बारात घर के पास बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ है जो किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बारात घर के पास पहुंचकर उक्त व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अजीत सिंह पुत्र शिवकरण निवासी जनपद फतेहपुर हाल पता हरौला गांव बताया। अजीत सिंह ने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। वह इस बाइक को ठिकाने लगाने के लिए जा रहा था। सख्ती से पूछताछ करने पर अजीत सिंह ने वाहन चोरी की कई अन्य घटनाओं को भी अंजाम देना स्वीकार किया। इसकी निशानदेही पर चोरी की तीन और बाइक बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक थाना फेस वन, थाना सेक्टर-24, थाना सेक्टर-20 क्षेत्र से चोरी की है। पकड़े गए चोर ने बताया कि उसने वाहन चोरी की दर्जन भर से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# ससुर, जेठ व देवर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 में एक महिला ने अपने ससुर, जेठ व देवर के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

भंगेल में रहने वाली रिंकी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 15 सितंबर की शाम को अपने घर में काम कर रही थी। इस दौरान उसके ससुर बाली त्यागी, जेठ प्रदीप त्यागी, देवर अंकुश त्यागी छत की सीढ़ियों से उसके घर में घुस आए। इन लोगों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे व एलइडी टीवी को तोड़ दिया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए हाथापाई की। शोर-शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए इसके बाद तीनों आरोपी मौके से चले गए। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बदमाश दबोचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से चाकू व चोरी के दो लैपटॉप बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि शशि चौक पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी के मुकदमे से संबंधित आरोपी दीपक कुमार सेक्टर-37 बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बस स्टैंड से दीपक कुमार को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से चाकू व बैग में रखे दो लैपटॉप मिले।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया दीपक कुमार गांव मदनगीर दिल्ली का रहने वाला है। पूछताछ में दीपक ने बताया कि उससे बरामद लैपटॉप उसने आज ही चोरी किए हैं। वह अपने दोस्त प्रकाश व राजा के साथ कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप में अन्य सामान चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता है। प्रकाश व राजा के मद्रास जाने के कारण उसने सतविल व निशांत मोटा के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया।

दीपक ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से नोएडा आता था और सुनसान जगह पर खड़ी कारों का शीशा तोड़कर सामान चोरी करने की घटना को अंजाम देता था। उसने सेक्टर 41 के बाजार के पास खड़ी आई-10 कार का शीशा तोड़कर दो लैपटॉप निकाले थे। दीपक के मुताबिक चोरी के लैपटॉप में अन्य सामान को बेचने का काम निशांत मोटा व सतविल करते हैं। दीपक ने वाहनों के शीशे तोड़कर चोरी की दर्जनों की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# कासना मंडल में भी मन रहा प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आज कासना मंडल में भी धूमधाम के साथ सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी कासना मंडल के मीडिया प्रभारी मोहित भाटी ने दी है। उन्होंने बताया कि कासना मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के जन्मदिन एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।




# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े प्रेरक प्रसंग



राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी जिंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी जी हमारे प्रदेश प्रभारी थे, तो उन्होंने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहां से लाता हूं। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर और नोट्स बनवाकर हम सवाल तैयार करते हैं। मोदी जी ने मुस्कुराते हुए कहा: "नड्डा जी, विपक्ष का काम सिर्फ़ सदन तक सीमित नहीं होना चाहिए। जनता को ये पता होना चाहिए कि विपक्ष का नेता उनके बीच बैठने, उनकी समस्या सुनने और उसका समाधान खोजने के लिए उपलब्ध है।" उन्होंने मुझे सलाह दी कि मैं राज्य के हर ज़िले में जाऊं, सर्किट हाउस या किसी सार्वजनिक स्थल पर बैठकर यह घोषणा करूं कि विपक्ष का नेता जनता की शिकायतें सुनने के लिए मौजूद है। उनकी बात मैंने तुरंत मान ली। अगले ही पंद्रह दिनों में मैंने दो-दो, तीन-तीन ज़िलों का दौरा किया और पूरा प्रदेश कवर कर लिया। किसानों, युवाओं, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद हुआ। उस अनुभव ने मुझे गहराई से बदल दिया। बहस करने की मेरी शैली बदली, जनता के मुद्दों की सीधी समझ मिली और एक आत्मविश्वास आया कि विपक्ष भी राज्य का नेतृत्व कर सकता है। अख़बारों से मिली जानकारी और जनता से मिली जानकारी में कितना अंतर होता है, यह तब पहली बार महसूस हुआ। नतीजा यह हुआ कि हमारी पार्टी की छवि विपक्ष से कहीं आगे बढ़कर जनता की आवाज़ बनने लगी और जब चुनाव आए तो हमने सोचा भी नहीं था कि सत्ता में आएंगे, लेकिन मोदी जी की रणनीति और मार्गदर्शन ने असंभव को संभव कर दिखाया। आज पीछे मुड़कर देखता हूं तो समझता हूं- एक वाक्य, एक सीख, राजनीति की पूरी परिभाषा बदल सकती है। नरेंद्र मोदी जी ने मुझे यही सिखाया कि नेता वही है, जो जनता के बीच बैठकर उनकी धड़कनों को सुनें।



जे.पी. नड्डा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

जब मैं पहली बार नरेंद्र मोदीजी से नागपुर में मिला, तो मुझे अंदाज़ा नहीं था कि यह पल मुझ पर इतनी गहरी छाप छोड़ जाएगा। मैं उस समय एक युवा मेयर था और अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सीखने के लिए उत्सुक था। यह रेशमबाग में आयोजित एक अभ्यास वर्ग के दौरान की बात है। मैं भारतीय जनता युवा मोर्चा, नागपुर का अध्यक्ष भी था और कार्यक्रम के आयोजन की ज़िम्मेदारी मेरी थी। हमने हर अतिथि के लिए व्यवस्था की थी। सभी गणमान्य व्यक्तियों के लिए उचित विश्राम गृह तैयार रखे गए थे। मोदी जी के आगमन पर, उन्होंने सबसे पहले डॉ. हेडगेवार की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में, जब मैंने उनसे पूछा कि वे कहां ठहरना चाहेंगे, तो मुझे लगा कि वे अन्य नेताओं की तरह विश्राम गृह ही चुनेंगे। इसके बजाय, उन्होंने बस इतना कहा कि वे रेशमबाग के अंदर संघ कार्यकर्ताओं के लिए बने छोटे से कमरे में ठहरना चाहते हैं। मैं उनके इस निर्णय से दंग रह गया। इससे मुझे उनकी विनम्रता और संघ परंपरा से उनके गहरे जुड़ाव का पता चला। पूरे कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया और यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिभागी सहज रहें। उस पहली मुलाक़ात ने उनके बारे में मेरी धारणा को आकार दिया। मैंने एक ऐसे नेता को देखा जो विलासिता से ज्यादा सादगी को और पद से ज्यादा सेवा को महत्व देता था। नरेंद्र मोदी जी की यही छवि मेरे मन में हमेशा बनी रही।



देवेंद्र फडणवीस,
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

# क्षमापना भारतीय संस्कृति का आलोक पर्व : राज्यपाल



## क्षमापना पर्व और जैनाचार्य नित्यानंद सूरीश्वर अभिनंदन समारोह

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने क्षमापना पर्व को भारतीय संस्कृति बताते हुए कहा कि जो क्षमा करता है, वह महान होता है। उन्होंने क्षमा को जीवन का अंग बताने का आह्वान किया। उन्होंने जैनाचार्य नित्यानंद सुरीश्वर को नमन करते हुए उनके आदर्श अपनाने की आवश्यकता जताई। बागडे मंगलवार को नागौर में क्षमापना पर्व और जैनाचार्य नित्यानंद सूरीश्वरजी के पदमश्री से अलंकृत किए जाने के अभिनंदन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आचार्य नित्यानंद जी के जीवनभर के समर्पण एवं अनुकरणीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समाजसेवा और धर्म के प्रति त्यागपूर्ण योगदान न केवल जैन समाज बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है

राज्यपाल ने जैन धर्म के मूल्यों-अहिंसा, परोपकार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने स्वामी नित्यानंद जी को "त्याग, साधना और करुणा का प्रतीक" बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त उदाहरण है। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया तथा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भी स्वामी नित्यानंद जी के कार्यों की सराहना की।

अलवर लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास को गडकरी के आवास पर बैठक

# आधुनिक और संकल्पवान राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा देश : यादव



**जयपुर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में नितिन गडकरी के आवास पर अलवर लोकसभा क्षेत्र में सड़क तंत्र के विस्तार, सुदृढ़ीकरण व नए निर्माण कार्यों के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों व जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। अलवर लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि मंडल ने भूपेंद्र यादव की अगुवाई में नितिन गडकरी का अभिनंदन किया। उन्होंने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, सरिस्का एलिवेटेड रोड परियोजना, पनियाला-बड़ौदा मेव एक्सप्रेसवे (भारतमाला परियोजना) तथा परियोजनाओं की सौगातों पर आभार व्यक्त किया।

रामगढ़ क्षेत्र की प्रसिद्ध पॉटरी व महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प सामग्री तथा अलवर की खास पहचान कलाकंद भी गड़करी को भेंट किया। उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा जिससे ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। विशेष रूप से, सरिस्का एलिवेटेड रोड से टाइगर रिजर्व में वन्यजीव सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए दुर्घटना रोकथाम पर विशेष बल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ बैठक कर क्षेत्र में रेलवे विकास हेतु अहम पहल की थी जिससे अलवर जिले को कई सौगात मिली थीं। बैठक में वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, जिला प्रमुख बालवीर छिल्लर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव, पूर्व विधायक मनजीत चौधरी, पूर्व विधायक जयराम जाटव, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, प्रधान दौलत राम जाटव व वीरवती देवी, संजय नरूका, बलवान सिंह यादव, मोहित यादव, बस्तीराम यादव, संदीप दायमा, बन्ना राम मीणा, इंद्र यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे

# मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान तथा रक्तदान शिविर आज



**जयपुर।** एक दशक से अधिक समय से देश के प्रधान सेवक के रूप में खुद को जनसेवा के लिए समर्पित करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, ग्रामीण सेवा शिविर एवं शहरी सेवा शिविर जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रमों की शुरूआत में मुख्यमंत्री प्रातः 7 बजे जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम में शामिल होकर सफाई अभियान में हिस्सा लेंगे। इसके पश्चात श्री शर्मा प्रातः 9 बजे जवाहर कला केंद्र पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात प्रातः 10 बजे मालवीय नगर स्थित सामुदायिक केंद्र से 'शहरी सेवा शिविर' का शुभारंभ करेंगे। ये शिविर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक राज्य के शहरी निकायों में आयोजित किए जा रहे हैं जहां विभिन्न कार्यों और योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभान्वित किया जाएगा।

▶▶ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे शामिल

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान

मोदी की अध्यक्षता में इंदौर में आयोजित होने वाले स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में शर्मा जयपुर से वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस चिकित्सा परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें थैलेसीमिया कुटुंब योजना, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मन दर्पण कार्यक्रम तथा जेके लोन अस्पताल में डेडिकेटेड पीडियाट्रिक सीटीवीएस इकाई का शुभारंभ भी किया जाएगा।

# धामी ने जेसीबी से किया घटनास्थल का दौरा

**देहरादून।** उत्तराखंड में लौटते मॉनसून ने तबाही मचा दी है। देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने से अफरा-तफरी मच गई है। कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के मालदेवता-केसरवाला क्षेत्र में भारी बारिश और बादल फटने से प्रभावित इलाकों का दौरा किया, जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सीएम धामी जेसीबी पर सवार होकर क्षेत्र का दौरा करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण राज्य की सभी नदियां उफान पर हैं।



▪ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिंद महासागर मामलों के विशेष दूत तथा अस्ट्रेलिया के पूर्व विदेश मंत्री एवं सांसद टिम वाट्स की मंगलवार को मुंबई में मेजबानी की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा मौजूद रहे। इस अवसर पर मुंबई-मेलबर्न तथा महाराष्ट्र-ऑस्ट्रेलिया के बीच सांस्कृतिक एवं आर्थिक साझेदारी के अनेक विकल्पों पर चर्चा हुई।

आशीष शेलार की पहल

# रामलीला, नवदुर्गा एवं छठ पर्व पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

**मुंबई।** प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी व सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र में आस्था से जुड़ा हर पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा और राज्य सरकार की प्रत्येक एजेंसी इसमें मदद करेगी। प्रदेश के मंत्री व मुंबई भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आशीष शेलार की पहल पर आस्था के महापर्व छठ उत्सव, नवदुर्गा व रामलीला को धूमधाम से मनाए जाने के लिए मनपा, पुलिस व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ मुंबई में रामलीला व छठ उत्सव का आयोजन करनेवाली 20 से अधिक आयोजन समितियों की एक बैठक मंत्रालय में ली। छठ व्रतियों को हर तरह की सुविधा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराने का आदेश मनपा व पुलिस समेत राज्य की अन्य यंत्रणा को दी। मुंबई बीजेपी उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने मंत्री आशीष शेलार के तत्काल बैठक लेने के निर्णय की प्रशंसा की। आयोजकों को होनेवाली असुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए बैठक की शुरुआत मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र ने की। मिश्र ने समुद्र, नदी व जलाशय के पास जुटने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेटिंग लगाने, मोबाइल टॉयलेट व पीने के पानी का इंतजाम करने, रोशनी व पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था को दुरुस्त रखने और लोगों की डिमांड के अनुरूप कृत्रिम जलाशय उपलब्ध कराने का निवेदन किया। मिश्र ने मंत्री से आग्रह किया कि मीरा-भायंदर, ठाणे, नई मुंबई, कल्याण समेत पूरे प्रदेश में रामलीला और छठ महापर्व पर सुविधाएं दिलाने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देशित करें। विधायक मुरज़ी पटेल ने भी नवरात्रि उत्सव के लोगों की समस्याएं रखीं। छठ उत्सव महासंघ के महामंत्री दिवाकर मोहन मिश्र ने जूहु समुद्र तट पर पुलिसकर्मियों द्वारा छठ व्रतियों से सहयोग करने का आग्रह किया। मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगरानी, जॉइंट पुलिस आयुक्त सत्यनारायण, उपायुक्त, मुंबई मनपा में भाजपा नेता भालचंद्र सिरसाट, शिवकुमार झा, मनोज सिंह, रणजीत सिंह, मनोज झा और रामलीला समितियों से प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ला, विजय पुराणिक आदि ने भी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निवेदन किया। सांस्कृतिक मंत्री शेलार ने अधिकारियों से कहा कि आप नवदुर्गा पूजा, रामलीला और छठ पूजा के आयोजन में आनेवाली दिक्कतों को दूर करने के लिए कदम उठाएं और जल्द ही इस संबंध में फिर से रिव्यू बैठक होगी।



- पुलिस समेत सभी एजेंसियों संग बैठक
- छठ के आयोजकों की भी सुनी बात

# सौतेली मां ने मासूम को तीसरी मंजिल से फेंका

▶▶ 15 दिन बाद खुला हत्या का राज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बीदर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक छह साल की बच्ची को उसकी सौतेली मां ने कथित तौर पर तीन मंजिला इमारत की छत से धक्का दे दिया। इस घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। सीसीटीवी में कैद हुई इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद आरोपी महिला राधा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 27 अगस्त की है। बच्ची के पिता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी अपनी मां के साथ खेलते समय गलती से गिर गई थी। उसके बयान के आधार पर, शुरुआत में एक अप्राकृतिक मृत्यु रिपोर्ट (यूडीआर) दर्ज की गई थी। हालांकि, इस मामले में एक बड़ा मोड़ तब आया, जब एक पड़ोसी ने 12 सितंबर को पुलिस के साथ एक सीसीटीवी फुटेज साझा किया। वीडियो से पता चला कि आरोपी मां बच्ची को खेलने के बहाने छत पर ले गई, उसे एक कुर्सी पर खड़ा किया और फिर उसे धक्का दे दिया। बाद में उसे घर के अंदर भागते हुए देखा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची उस शख्स की पहली पत्नी की बेटी थी और मां राधा कथित तौर पर अपने पति के साथ अपने रिश्ते को लेकर चिंतित थी। वीडियो फुटेज और परिवार की शिकायत के बाद, बीदर पुलिस ने 14 सितंबर, रविवार को प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी राधा को गिरफ्तार कर लिया है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद घटना



# ऑनलाइन गेमिंग की लत ने ली बच्चे की जान

**लखनऊ।** ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत ने एक बार फिर एक मासूम की जान ले ली। यूपी में लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र के धनुवासाड़ गांव में रहने वाले 13 वर्षीय यश कुमार ने फ्री फायर जैसे ऑनलाइन गेम पर पिता के बैंक खाते से करीब 13-14 लाख रुपए खर्च करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार शाम को हुई घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि पिता सुरेश कुमार ने सरकार से ऐसे खतरनाक गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यश कुमार छठी कक्षा का छात्र था और बीआईपीएस स्कूल में पढ़ता था। उसके पिता सुरेश कुमार यादव पेंटिंग का काम करते हैं। दो साल पहले उन्होंने पुश्तैनी जमीन बेचकर लगभग 13 लाख रुपए यूनियन बैंक के बिजनौर ब्रांच में जमा किए थे, जो बुरे वक्त के लिए बचत के रूप में रखे गए थे। घर में इस्तेमाल होने वाला मोबाइल फोन ज्यादातर यश के पास रहता था, जिसमें पिता का बैंक अकाउंट लिंक्ड था। परिवार को लगता था कि यश फोन पर पढ़ाई कर रहा है, लेकिन वह लंबे समय से फ्री फायर गेम की लत में फंसा हुआ था। सोमवार को जब सुरेश कुमार बैंक पैसे निकालने गए तो खाते में शून्य बैलेंस देखकर दंग रह गए। बैंक से ट्रांजैक्शन डिटेल निकलवाने पर पता चला कि पिछले कुछ महीनों में यश ने गेम पर हजारों-लाखों रुपए के ट्रांजैक्शन किए थे। गुस्से में सुरेश ने यश की कोचिंग जाकर सिर्फ इतना कहा कि तुमने ऐसा क्यों किया? अब तो सब कुछ चला गया। इस बात से आहत यश घर लौटा और बहन को कोचिंग से लेने गए पिता के इंतजार में पहली मंजिल पर चला गया। जब सुरेश लौटे और ऊपर गए, तो यश को छत के पंखे से लटका पाया। परिवार ने उसे मोहनलालगंज सीएचसी ले जाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मां उस समय दवा लेने बाहर गई हुई थीं, और यश परिवार का इकलौता बेटा था। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने 16 सितंबर को छुट्टी घोषित कर दी और शोक व्यक्त किया।



▶▶ पिता चाह रहे फ्री फायर पर पूर्ण प्रतिबंध

### रहस्यमयी घटना

▪ गांव के प्रधान के अनुसार बच्चे की मौत के तुरंत बाद फोन का पूरा डेटा डिलीट हो गया और मोबाइल फॉर्मेट हो गया। इससे आशंका जताई जा रही है कि फोन हैक किया गया हो सकता है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।



# राजस्थान : 10 जिलों में बारिश का अलर्ट

▶▶ तापमान में उतार-चढ़ाव शुरू

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश का दौर थमने के बाद मौसम में अब बदलाव का असर साफ नजर आने लगा है। राज्यभर में दिन और रात के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में कुछ जिलों से मानसून की विदाई संभव है, लेकिन उससे पहले 10 जिलों में एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 18 सितंबर से इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम शुष्क रहा। जयपुर, कोटा, जोधपुर, अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, उदयपुर और श्रीगंगानगर जैसे शहरों में दिनभर तेज धूप खिली रही। सबसे अधिक गर्मी श्रीगंगानगर में दर्ज की गई, जहां दिन का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा चूरू में अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री, बीकानेर में 36, फलोदी में 35.6, हनुमानगढ़ में 36.4, दौसा में 35.2, झुंझुनूं में 35, बाड़मेर में 35.4, चित्तौड़गढ़ में 35.8, पिलानी में 36.5 और अलवर में 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी जयपुर का तापमान 35 डिग्री रहा। सीकर में 34.5, कोटा और करौली में 34.7, अजमेर और जोधपुर में 33.4, भीलवाड़ा में 33.7, जैसलमेर में 34.4, जबकि जालोर का तापमान सबसे कम 32.1 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ जिलों से मानसून की विदाई हो सकती है। वर्तमान परिस्थितियां मानसून के लौटने के अनुकूल बनी हुई हैं। हालांकि, मानसून की पूरी तरह से विदाई में अभी कुछ और दिन लग सकते हैं। फिलहाल, 18 सितंबर से 10 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। इस बार राजस्थान में मानसून ने औसत से ज्यादा बरसात दी है। अब तक प्रदेश में सामान्य से 68 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। यही वजह है कि कई जिलों में बांध और जलाशय पूरी तरह भर चुके हैं। वहीं, किसानों के लिए यह बरसात खासा फायदेमंद साबित हुई है।

### दिन में धूप, रात में हल्की ठंड

▪ मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन में धूप और रात में हल्की ठंड का असर अब दिखाई देने लगा है। यह बदलाव मानसून के धीरे-धीरे लौटने का संकेत है। अगले कुछ दिनों तक इसी तरह का उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर और हनुमानगढ़ जैसे जिलों में दिन में तेज गर्मी झेलनी पड़ रही है, जबकि रात में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो रहा है। बारिश के अलर्ट से किसानों को जहां एक ओर फसल की सिंचाई के लिए राहत मिलेगी, वहीं तेज बरसात की स्थिति में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी रहेगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल नमी की स्थिति अच्छी है।

# प्रधानमंत्री की प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा की तैयारियों को बैठक

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 सितंबर को प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अभय कुमार ने शासन सचिवालय में अहम बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार ने कहा कि सफल आयोजन के लिए आपसी समन्वय से तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने बांसवाड़ा में वीवीआईपी व अन्य के लिए आवास व्यवस्था, सभा स्थल तक पर आमजन की आवागमन व्यवस्था, चिकित्सक दल व एंबुलेंस व्यवस्था, निर्बाध विद्युत व पेयजल आपूर्ति, चल शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क यात्रा के दौरान आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधाएं नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सड़क मरम्मत, सभा स्थल निर्माण, बैरिकेड्स, अग्निशमन वाहन, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, सुरक्षा पास व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभा स्थल के हर ब्लॉक में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सभा स्थल पर खाद्य परीक्षण दलों की तैनाती, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को आयोजन का जिलों में सीधा प्रसारण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर.ए. सावंत, प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा, शासन सचिव डॉ. के.के. पाठक, रवि जैन, डॉ. जोगाराम, श्रीमती शुचि त्यागी, श्रीमती अर्चना सिंह, आयुक्त पर्यटन श्रीमती रूक्मणि रियार सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली-जयपुर हाइवे पर पलटा बेकाबू टैंकर

**जयपुर।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर सोमवार देर रात को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि हाईवे पर केमिकल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद टैंकर में आग लग गई और पीछे चल रही एक कार को भी चपेट में ले लिया। इससे गाजियाबाद के दो व्यापारियों की कार में ही जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। चारों व्यापारी खाटूश्याम धाम जा रहे थे। दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा केमिकल से भरा टैंकर सोमवार देर रात बनीपुर चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गया। पलटते ही उसमें विस्फोट हुआ और आग की लपटें उठने लगीं। टैंकर से बहता हुआ ज्वलनशील केमिकल सड़क पर फैल गया और आग तेजी से फैलती चली गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार सड़क पर फैली आग की चपेट में आ गई। कार देखते ही देखते आग के गोले में बदल गई। घटना के वक्त कार में गाजियाबाद के चार कारोबारी मौजूद थे। सिहानी गेट थानाक्षेत्र के राकेश मार्ग निवासी 50 वर्षीय विनीत मित्तल उर्फ अंशुल, डीएलएफ साहिबाबाद एक्सटेंशन निवासी 40 वर्षीय संजीव अग्रवाल उर्फ मोनू कार में बुरी तरह से फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। इससे जिंदा जलकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे पर जाम लग गया। कसौला थाना प्रभारी शिवदर्शन टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से झुलसे हुए दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। संजीव अग्रवाल और विनीत मित्तल के शवों को भी कार से बाहर निकाला गया।


आग की चपेट में आई कार, दो व्यापारी जिंदा जले

### टैंकर का चालक मौके से फरार

▪ गंभीर रूप से घायल सुमित और राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया। चारों व्यापारियों की गाजियाबाद के तुराबनगर बाजार में साड़ी, हैंडलूम और जूते की दुकानें हैं।

## अब नई योजनाओं पर काम करेंगे पूर्व यूनिवर्सल चैंपियन ब्रॉन स्ट्रोमैन

**सेन डियागो ।** डब्ल्यूडब्ल्यूई से बाहर किये गये पूर्व यूनिवर्सल चैंपियन ब्रॉन स्ट्रोमैन ने कहा है कि वह अभी कुछ समय परिवार के साथ बिताएंगे।




उसी के बाद आगे की नई योजनाएं बनाएंगे। स्ट्रोमैन के अनुसार लंबे समय बाद उन्हें इस प्रकार अपने दोस्तों और करीबी लोगों के साथ रहने का अवसर मिला है। जिसका वह लाभ उठाना चाहते हैं। इसके बाद ही वह नई योजनाओं पर काम करेंगे। विंस मैकमैहन के समय में स्ट्रोमैन को लोकप्रिय हुए थे। विंस हमेशा से ही लंबे और ताकतवर पहलवानों को पसंद करते थे और स्ट्रोमैन इस पैमाने पर खरे उतरते थे। उन्होंने डब्यलूडब्ल्यूई में यूनिवर्सल चैंपियनशिप जीती और कई यादगार मुकाबले अपने नाम किय। हालांकि, ट्रिपल एच के आने के बाद स्ट्रोमैन का महत्व कम हो गया। ट्रिपल एच की सोच अलग थी और उन्होंने स्ट्रोमैन को सिर्फ एक मिड-कार्ड रेसलर के रूप में देखा।स्ट्रोमैन ने कहा, आगे क्या यह कोई रहस्य नहीं है। मैंने अपनी जिंदगी के पिछले दस साल दुनिया भर में घूम-घूम कर लोगों से पिटने और उन्हें पीटने में बिताए हैं। यह एक शानदार सफर रहा है। उन्होंने आगे कहा, मैं यह नहीं कह रहा कि मैं फिर से रिंग में नहीं उतरूंगा, लेकिन यह मेरे लिए कुछ नया करने का मौका है। मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ फिर से जुड़ना चाहता हूं। वहीं कहा जा रहा है कि स्ट्रोमैन को कंपनी से निकाले जाने का एक मुख्य कारण उनकी चोटें थीं, क्योंकि हाल उन रेसलर्स को ज्यादा निकाला गया जो फिट नहीं थे। अब देखना होगा कि क्या स्ट्रोमैन किसी अन्य रेसलिंग प्रमोशन में शामिल होते हैं या पूरी तरह से एक नया रास्ता तय करते हैं।

## श्रीलंका और अफगानिस्तान से सावधान रहे भारतीय टीम : गावस्कर

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस बार बेहद कमजोर है। वहीं गावस्कर ने



कहा श्रीलंका और अफगानिस्तान से भारतीय टीम को सावधान रहना होगा। गावस्कर के अनुसार श्रीलंका की तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों ही अच्छी हैं, जबकि अफगानिस्तान एक बहुत ही अप्रत्याशित टीम है, जिसमें राशिद खान जैसे स्टार स्पिनर हैं। इसलिए भारत को इन दो टीमों से सावधान रहना चाहिए।वहीं गावस्कर ने कहा कि पाक टीम अब पहले की तरह नहीं हैं। एशिया कप में भारतीय टीम ने इस बार पाक को एकतरफा मुकाबले में आसानी से हरा दिया। इस मैच में पाक ने भारत को 128 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे टीम इंडिया ने 15 ओवर में ही हासिल कर लिया। गावस्कर ने कहा, यह मुझे पाक क्रिकेट टीम जैसी नहीं लगी। यह पोपटवाड़ी टीम जैसी लग रही थी। गौरतलब है कि मुंबई क्रिकेट की भाषा में, पोपटवाड़ी टीम एक कमज़ोर टीम को जाता है। गावस्कर ने आगे कहा, मैंने दशकों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम को देखा है। मेरी सबसे पुरानी क्रिकेट यादों में से एक है, महान खिलाड़ी हनीफ मोहम्मद का खेल देखने के लिए चर्चगेट स्टेशन से वानखेड़े स्टेडियम तक दौड़ना। यह वही टीम नहीं है। मुझे नहीं लगता कि पाक टीम दूसरी टीमों को ज्यादा चुनौती दे पायेगी।

## पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के पीछे थे गंभीर : रिपोर्ट

**मुंबई ।** एशिया कप में भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। इससे एक प्रकार से भारतीय खिलाड़ियों ने पहगाम हमले को लेकर विरोध जताया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार पाक टीम से हाथ नहीं मिलाने का फैसला पूरी टीम ने एकसाथ किया था और इसके पीछे मुख्य कोच गौतम गंभीर थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने मैच में पाक पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इंकार करने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही, गंभीर ने खिलाड़ियों को प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह की बहसबाजी नहीं करने कहा था।रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कोच ने खिलाड़ियों को सोशल मीडिया से दूर रहने और मीडिया में मैच के बारे में चल रही सभी चर्चाओं को नजरअंदाज करने को भी कहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही सोशल मीडिया पर इस मैच का बहिष्कार करने की मांग चल रही थी। ये भी कहा जा रहा है कि बोर्ड और सरकार की ओर से अनुमति दिए गए मैच में उनकी भागीदारी को लेकर लगातार उठ रहे सवालों से खिलाड़ी बेचैन थे, इसलिए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले ही अपनी टीम को ड्रेसिंग रूम में उत्साहित करने के लिए बुलाया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गंभीर ने टीम को मैच के दौरान और बाद में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने के लिए कहा था। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने टीम से कहा था, सोशल मीडिया पर कम समय बिताएं, शोर-शराबा पढ़ना बंद करें। आपका काम भारत के लिए खेलना है। पहलगाम में जो हुआ, उसे मत भूलना। हाथ मत मिलाओ, उलझो मत। बस मैदान पर जाओ, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो और भारत के लिए जीतो। खिलाड़ियों ने गंभीर के सुझाव का पालन किया और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस से पहले और बाद में किस्तानी टीम के कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया।

# भारत से मुंह की खाने के बाद बौखलाया पाकिस्तान, अपने ही अधिकारी पर गिरा दी गाज

नई दिल्ली।

दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। इस तरह बड़े टूर्नामेंट में अपने देश का बहिष्कार होने से बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है।

भारतीय टीम के बहिष्कार से बौखलाए पाकिस्तान ने अपने ही अधिकारी पर गाज गिरा दी है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का महामुकाबला खेला गया था। इस मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की टीम से हाथ नहीं मिलाए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव छक्के से टीम को जीत दिलाकर पवेलियन की तरफ लौट आए थे,



जबकि पाकिस्तानी खिलाड़ी मैदान पर ही मौजूद थे।

### अपने ही अधिकारी को किया निलंबित

दुबई में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाना चाहते थे, लेकिन भारतीय टीम ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और ड्रेसिंग रूम का दरवाजा बंद कर लिया। इस तरह अपने देश का बहिष्कार होने से बौखलाए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने ही अधिकारी के खिलाफ एक्शन ले लिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तानी टीम से हाथ न मिलाने के विवाद के बाद पीसीबी ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक उस्मान वाहला को निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान के ए स्पोर्ट्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि, वाहला को मैच रेफरी के आचरण और भारत की कार्रवाई पर औपचारिक प्रतिक्रिया देने में देरी के कारण पद से हटाया गया है।

### मोहसिन नकवी ने जताई नाराजगी

इससे पहले सोमवार को पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भी भारत के बहिष्कार पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने इसे खेल भावना की कमी बताया और कहा कि भारत ने खेल में राजनीति को घसीटा है। नकवी ने लिखा, भारत-पाकिस्तान मैच के बाद खेल भावना की घोर कमी देखने को मिली। राजनीति को खेल में लाना खेल की आत्मा के खिलाफ है। उम्मीद है भविष्य में जीत सभी टीमें गरिमा के साथ मनाएंगी।

### पीसीबी ने की औपचारिक शिकायत

मैच के बाद पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि उन्होंने भारतीय टीम के व्यवहार के खिलाफ एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) में औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई है। पीसीबी के आधिकारिक प्रेस रिलीज में कहा गया है, टीम मैनेजर नावेद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों द्वारा हाथ न मिलाने के व्यवहार के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसे खेल भावना के खिलाफ और असंवैधानिक माना गया। इसी के विरोध में हमने अपने कप्तान (सलमान आगा) को पोस्ट-मैच सेरेमनी में नहीं भेजा।

### यूएई के खिलाफ मैच का बहिष्कार करेगी पाकिस्तान की टीम

इसके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आचार संहिता की देखरेख करने वाले रेफरी पर ही गंभीर आरोप लगाए और उन्हें टूर्नामेंट से हटाने की मांग की है। पीसीबी ने सोमवार को मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट पर भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उन्हें टूर्नामेंट से तुरंत हटाने की मांग की है। क्रिकबज के रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी ने धमकी दी है कि अगर एंडी पायक्रॉफ्ट को हटाने की उनकी मांग नहीं मानी गई, तो 17 सितंबर को यूएई के खिलाफ होने वाले अपने अगले मैच का उनकी टीम बहिष्कार कर सकती है।

## यूएई की जीत से भारत आधिकारिक रूप से सुपर-4 में पहुंचा, ओमान का सफर समाप्त

अबु धाबी।


संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान को हराकर एशिया कप में जीत का खाता खोल लिया है और वह सुपर चार चरण में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। यूएई की जीत से भारतीय टीम ने सुपर चार के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई किया, जबकि ओमान का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। जुनैद सिद्दिकी की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान को 42 रनों से हराकर एशिया कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। यूएई ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाए, जवाब में ओमान की टीम 18.4 ओवर में 130 रन



पर ऑलआउट हो गई। यूएई के लिए सिद्दिकी ने चार विकेट लिए, जबकि हैदर अली और मोहम्मद जवादुल्लाह को दो-दो विकेट मिले। वहीं, मोहम्मद रोहिद खान को एक सफलता मिली। यूएई की जीत से भारतीय टीम ने सुपर चार चरण के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफाई किया, जबकि ओमान का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। ओमान ने यूएई के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू के अर्धशतकों की मदद से यूएई की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। यूएई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने पावरप्ले में ही चार विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने आमिर कलीम (2), कप्तान जतिंदर सिंह (20), वसीम अली (1) और हमद मिर्जा (5) के विकेट कुल 32 के स्कोर पर ही गंवा दिए। इसके बाद शाह फैसल भी नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर आर्यन बिष्ट ने कुछ हद तक पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन वह भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ओमान की पारी संभल नहीं सकी और ऑलआउट हो गई। ओमान के लिए जितेन रामानंदी ने 13 रन, विनायक शुक्ला ने 20 और समय श्रीवास्तव ने छह रन बनाए, जबकि शकील अहमद 14 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## अमन सहरावत अधिक वजन के कारण विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए आयोग्य हुए

**जगरेब ।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान अमन सहरावत वजन



वर्ग में अधिक पाये जाने के कारण विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में भाग नहीं ले पायेंगे। अहम को इसके लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अमन ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में कांस्य पदक जीता था। गौरतलब है कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू नियमों के अनुसार विश्व कप, यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए दो किग्रा तक ज्यादा वजन ही स्वीकार्य होता है पर विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसे टूर्नामेंटों में कोई राहत नहीं दी जाती है। गौरतलब है कि तय मानक से अधिक वजन होने के कारण ही पेरिस ओलंपिक 2024 में विनेश फोगाट को खिताबी मुकाबले से ठीक पहले बाहर कर दिया गया था। भारतीय दल के अनुसर अमन अपना वजन नियंत्रित नहीं रख पाये। उनका वजन 1700 ग्राम ज्यादा था जो स्वीकार्य नहीं था।

## पीसीबी ने आईसीसी से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की

**दुबई ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप में भारतीय टीम के खिलाफ हुए मैच के बाद मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हो हटाने की मांग की है। पीसीबी ने कहा है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह एशिया कप से



हट जाएगी। पीसीबी ने मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट पर आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। पाक टीम को भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक टीम से हाथ नहीं मिलाया था। इस कारण पाक टीम बौखलायी है। पाक बोर्ड ने इससे उसके खिलाड़ियों का अपमान बताया है। इस मामले में पहले तो पीसीबी ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट से ही भारतीय टीम की शिकायत की। वहीं अब उसी रैफरी को हटाने की मांग अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से शिकायत कर दी है। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पीसीबी ने मैच रेफरी की आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन को लेकर में शिकायत दर्ज कराई है उसका आरोप है कि रैफरी ने दोनों कप्तानों को टॉस के समय हाथ न मिलाने के लिए कहा।

## हॉन्गकॉन्ग का सफर समाप्त, श्रीलंका चार विकेट से जीता; हसरंगा ने 18वें ओवर में पलटा मैच

दुबई।

हॉन्गकॉन्ग पर चार विकेट से जीत के साथ श्रीलंका की टीम ने सोमवार को एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हॉन्गकॉन्ग ने निजाकत खान और अंशुमान रथ की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसंका की तूफानी 68 रनों की पारी की बदौलत 18.5 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस शिकस्त के साथ हॉन्गकॉन्ग का सफर मौजूदा टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। श्रीलंका



से पहले उन्हें बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने क्रमशः सात विकेट (11 सितंबर) और 94 रन (9 सितंबर) को हराया था। ग्रुप बी की अंक तालिका में यासिम मुर्तजा के नेतृत्व वाली टीम खाता भी नहीं खोल पाई और -2.151 के नेट रन रेट के साथ बाहर हो गई। वहीं, श्रीलंका लगातार दो मैचों में जीत के साथ चार अंक और +1.546 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। अब टीम का सामना 18 सितंबर को अफगानिस्तान से होगा। अनुभवी निजाकत खान (नाबाद 52 रन) के दमदार अर्धशतक और अंशुमान रथ के साथ उनकी समझदारी भरी 61 रन की साझेदारी की बदौलत हॉन्गकॉन्ग ने 149 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद हॉन्गकॉन्ग की पारी की सबसे खास बात निजाकत (38 गेंद) और रथ (48 रन, 46 गेंद) के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी रही। निजाकत एशिया कप के टी20 चरण में अर्धशतक बनाने वाले हॉन्गकॉन्ग के दूसरे बल्लेबाज बने।

## भारतीय टीम के हाथ नहीं मिलाने से भड़का पीसीबी

दुबई ।

भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां हुए एशिया कप 2025 मैच में पाकिस्तान टीम को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हराने के बाद उससे हाथ भी नहीं मिलाया जिससे पाक बोखलाया हुआ है। इस प्रकार भारतीय टीम ने पाक को एक कड़ा संदेश भी दिया है कि आतंकवाद सहन नहीं किया जाएगा। इस मैच के दौरान कई अवसरों पर पाक खिलाड़ियों ने हाथ मिलाने और खेल भावना दिखाने के प्रयास किये पर भारतीय टीम ने उसे अनदेखा कर दिया। इसी कारण टॉस के समय ही कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाक कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। पूरे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार और शिवम दुबे विजयी शॉट लगाकर पाक खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए बिना हाथ मिलाये ही सीधे सीधे ड्रेसिंग रूम की ओर बढ़ गए।



इससे पाक खिलाड़ी उन्हें जीत के बाद वापस जाते हुए देखते रहे। इस मामले को पाक बोर्ड पीसीबी ने अपने खिलाड़ियों की बेइज्जती मानते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से भी शिकायत की है। पीसीबी के टीम मैनेजर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय टीम के रवैये पर नाराजगी जतायी है। वहीं भारतीय टीम का इस प्रकार का व्यवहार स्वाभाविक था क्योंकि मैच से पहले ही टीम पाक की आतंक घटनाओं से रोष में थी पर उसने तय किया था कि पाक खिलाड़ियों से कोई हाथ नहीं मिलाएगा। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि और पाकिस्तान को करारा जवाब देने के तौर पर लिया गया। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने पत्रकार वार्ता में ये जीत पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित की और सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर के लिए आभार जताया।वहीं पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने इस मामले में नाराजगी जतायी है। उसके पूर्व क्रिकेटरों बासित अली, कामरान अकमल और राशिद लतीफ ने भारतीय टीम के इस कदम को क्रिकेट भावना के खिलाफ बताया है। राशिद लतीफ ने कहा कि आईसीसी को ये मामला क्यों नहीं दिख रहा है। वहीं भारत में सभी ने टीम के इस रवैये को सही करार देते हुए कहा कि क्रिकेट खेलना अलग बात है पर आतंक घटनाओं में शामिल देश के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया जा सकता है।

## जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा :आध्या, सानवी और कियान ने जीते खिताब

**इंदौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित चौथी जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में आध्या पाराशर, सानवी सिंघल और कियान इंगले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग के खिताब जीत लिए।यशवंत क्लब में खेली जा रही इस स्पर्धा के बालिका अंडर-11 वर्ग के फाइनल मुकाबले में आध्या पाराशर ने जाहरा सेफी को 11-6, 11-8, 11-5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में आध्या ने भवयांशी सोनी को 3-2 से और जाहरा सेफी ने धृति मेहता को 3-1 से हराया था।बालिका अंडर-13 वर्ग के फाइनल में सानवी सिंघल ने आकांक्षा ठाकुर को



11-6, 11-7, 11-9 से पराजित कर जीत हासिल की। सेमीफाइनल में सानवी ने नेहल नाहर को 3-1 से और आकांक्षा ने आरवी जैन को 3-0 से हराया।बालक अंडर-11 वर्ग के अंतिम मुकाबले में कियान इंगले ने कड़े संघर्ष के बाद ईशान केसरवानी को 11-8, 11-7, 11-8 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफाइनल में कियान ने पार्थ माहेश्वरी को 3-0 से और ईशान ने कियान मेहता को 3-1 से हराया था। इसके अलावा, बालक अंडर-19 और बालिका अंडर-17 वर्ग के भी कई मैच खेले गए। बालक अंडर-19 में अबू बकर, प्रज्जवल यादव, लक्ष्य भदौरिया, अद्विक राठौर, आर्यन बाकलवाल, रक्षित चावड़ा और रिदम गड़िया ने अगले दौर में प्रवेश किया। बालिका अंडर-17 वर्ग में सिद्धि भदौरिया, आन्या त्रिवेदी, नेहल नाहर और सिद्धिक्षा जैन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई।



बच्चों में मोटापा काफी तेजी से बढ़ रही है। पहले भले ही ऐसे बच्चों को गोलू-मोलू कहकर पसंद किया जाता हो, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बच्चों में मोटापे की समस्या और उससे सेहत को होने वाले नुकसानों के बारे में व्यापक चर्चा की जाती है। बच्चों में मोटापा कई कारणों से हो सकता है। इनमें अनुवांशिक कारणों को तो हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं, लेकिन कुछ कारण ऐसे हैं, जिन पर यदि नजर रखी जाए, तो हम समय रहते बच्चों को मोटापे से बचा सकते हैं।

# बच्चे को मोटा बना सकती हैं ये आदतें

## शारीरिक गतिविधियों का अभाव

उछलकूद करना बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। इससे न केवल उनका मानसिक विकास होता है, बल्कि इससे उनका शरीर भी स्वस्थ रहता है। इसके साथ ही बच्चों को छोटी-मोटी शारीरिक गतिविधियों में शामिल करें। रसोई तक अपने बर्तन खुद रख कर आना। लाइट का स्विच ऑफ करने उठना। पानी पीने जाना, घर की सीढ़ियां चढ़ना, जैसे काम भी आजकल बच्चे नहीं करते। इससे उनमें आलस्य आ जाता है और शरीर पर बेकार की चर्बी जमा होने लगती है। इसके साथ ही आपको चाहिए कि आप अपने बच्चे के साथ घूमने जाएं, उन्हें आउटडोर गेम्स में शामिल करें। वरना आजकल के बच्चों के लिए गेम्स का अर्थ कंप्यूटर अथवा ऑनलाइन गेम्स हो गया है।

## लिक्विड कैलोरी का अधिक सेवन

शुगर ड्रिंक और फ्रुट ड्रिंक बच्चों के पसंदीदा पेय पदार्थ हैं, लेकिन इससे बच्चों को और कुछ नहीं बस चीनी और कैलोरी ही मिलती है। आपको चाहिए कि बच्चों को ऐसे पेय पदार्थों के सेवन से रोकें क्योंकि इनसे उन्हें पोषण नहीं मिलता, बल्कि उनकी सेहत को नुकसान ही पहुंचता है।

## पर्याप्त नींद न लेना

देर रात तक जागते रहना आजकल की जीवनशैली का हिस्सा बन गया है। लेकिन, आपके बच्चों के लिए यह बिल्कुल ही फायदेमंद नहीं है। मोटापे और नींद के बीच गहरा संबंध है। शोध इस बात को प्रमाणित कर चुके हैं कि जो बच्चे पूरी नींद नहीं लेते, उनके मोटापे से ग्रस्त होने की आशंका बहुत अधिक होती है। इसके साथ ही ज्यादा नींद भी आपके बच्चों के लिए अच्छी नहीं। इससे आपका बच्चा आलसी हो सकता है। ध्यान रहे आपके बच्चे के लिए नौ से दस घंटे की नींद काफी है।



## जंक फूड का सेवन

बच्चों में मोटापे का अहम कारण जंक फूड का सेवन है। जरा सी भूख लगने पर ही बच्चे बर्गर, पिज्जा या कोई अन्य जंक फूड खा लेते हैं। ये हाई कैलारी खाद्य पदार्थ बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में अभिभावकों का उत्तरदायित्व बनता है कि वे अपने बच्चों के खानपान का ध्यान रखें। बच्चों की जिद के चक्कर में आप उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ न करें। कभी-कभार इस प्रकार का भोजन ठीक है, लेकिन इसका नियमित सेवन सेहत के नुकसानदेह है।

## टीवी है बीमारी

एक वैज्ञानिक शोध में यह बात सामने आई थी कि जो बच्चे टीवी के सामने अधिक समय बिताते हैं, वे सामान्य बच्चों से अधिक मोटे होते हैं। टीवी मनोरंजन तक तो ठीक है, लेकिन इसके सामने अधिक समय तक बैठे रहना बच्चों को मोटा और थुलथुला बना सकता है। लास एंजेलिस स्थित पेनिंगटन बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों ने शयनकक्ष में टीवी देखने एवं बचपन में मोटापे के बीच सम्बधों को सामने रखा।

## भोजन अगर न हो सही

बच्चे के आहार में फाइबर युक्त पदार्थों को शामिल करें। इससे उन्हें ऊर्जा भी मिलेगी और साथ ही उनका पेट भी लंबे समय तक भरा रहेगा। राजमा, ब्रोकली, मटर, नाशपति, साबुत अनाज का पास्ता, ओटमील आदि फाइबर के उच्च स्रोत हैं। इसके साथ ही आप उन्हें फल और सब्जियों का सेवन भी करवाएं। इनके अभाव से भी बच्चे में मोटापा बढ़ सकता है।

# इस कारण से बदलता है तिल और मस्से का आकार



ड्राय स्किन हो, ऑयली स्किन, सेंसेटिव स्किन या नार्मल स्किन हो। त्वचा के रंग या त्वचा पर पाए जाने वाले तिल का आकार या रंग बदलने लगे तो यह स्किन कैंसर के लक्षण हैं। अगर आपके शरीर पर मौजूद तिल अथवा मस्सों का आकार बदल रहा है, तो लापरवाही भारी पड़ सकती है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें, क्योंकि यह मेलानोमा कैंसर भी हो सकता है। मेलानोमा एक किस्म का स्किन कैंसर होता है। त्वचा के रंग का निर्माण करने वाले मेलेनोसाइट्स में यह रोग होता है।

क्या हैं कारण

इस रोग का पहला कारण है सूरज की तेज किरणें। ज्यादा देर तक सूरज की रोशनी में रहने पर त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान होता है। इसके अलावा संक्रमण से भी यह रोग फैलता है। अगर घर में किसी एक को हो जाए, तो दूसरे में भी यह रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। त्वचा के अन्य कैंसर के मुकाबले यह ज्यादा गंभीर होता है। धीरे-धीरे यह कैंसर शरीर के अन्य अंगो को प्रभावित करने लगता है। यहां तक कि इस रोग के चलते हड्डियों को भी नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है।

लक्षण कहते हैं

तिल और मस्सों से इस रोग की शुरुआत होती है। सबसे पहले इनके आकार में बदलाव होना शुरू हो जाता है। इसके अलावा त्वचा पर अलग-अलग आकार के दाग-धब्बे बनने लगते हैं। जैसे-जैसे ये दाग पुराने होते हैं, उनमें खुजली होने लगती है। अगर तुरंत इसका इलाज नहीं कराया गया, तो दाग के चारों तरफ काले निशान बनने लगते हैं। खुजलाने पर खून निकलने लगता है। धीरे-धीरे दाग पूरी त्वचा पर फैलने लगते हैं। इनका रंग भी त्वचा के रंग से गहरा या काला होता जाता है। कई बार ये दाग-धब्बे सफेद, गुलाबी, लाल और नीले रंग के भी होते हैं।

क्या है उपचार

इस बीमारी से बचना है, तो ज्यादा देर धूप में न रहें। जरूरत पड़ने पर जाना पड़े, तो सनस्क्रीन लोशन लगाकर और शरीर को ठीक से ढंककर ही निकलें। बीमारी होने की आशंका होने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें। शुरुआत में ही अगर इलाज कराया जाए, तो छोटी सी सर्जरी करके इन दाग-धब्बों ठीक कर दिया जाता है। मेलानोमा एक तरह का कैंसर ही होता है। जो लोग ज्यादा सन-बाथ लेते हैं या धूप में रहते हैं, उनमें ये बीमारी ज्यादा होती है। गोरे लोग इसकी चपेट में ज्यादा आते हैं। तिल और मस्सों से इसकी शुरुआत होती है। इनका साइज बदलना शुरु हो जाता है। अगर कोई भी कैंसर एक ही जगह है, तो उसे सर्जरी के जरिए निकाल देते हैं, लेकिन अगर वह शरीर में फैल गया है, तो कीमो-थेरेपी या रेडियो-थेरेपी से उपचार करते हैं।

# बार-बार गर्भपात से महिलाओं को होते हैं ये नुकसान



अनचाहे गर्भ को गिराने के लिए जोड़े अक्सर गर्भपात का सहारा लेते हैं लेकिन बहुत से लोगों को मालूम नहीं है कि लगातार गर्भपात कराना जीवन के लिए खतरनाक है। लगातार गर्भपात करवाने से भविष्य में होने वाली प्रेग्नेंसी कष्टदायक हो सकती हैं। ऐसा कहा जाता है कि जो महिलाएं ज्यादा गर्भपात कराती हैं। उनमें अवधि पूर्व जन्म या शिशु का वजन बहुत कम होना आदि परेशानियां पैदा होती हैं, जिन महिलाओं ने 3 या इससे अधिक बार गर्भपात कराया है। उनकी गर्भाशय ग्रीवा के लिए खतरा है। इसके अलावा इससे कुछ समय बाद अपने आप गर्भपात भी हो सकता है।

बहुत से लोगों को आजकल बांझपन, अस्थानिक गर्भावस्था या बच्चे के जन्म की परेशानी आदि समस्याएं उठानी पड़ती हैं। बांझपन से तात्पर्य है कि 12 माह की कोशिशों के बावजूद भी बच्चा नहीं लगना। सामान्य रूप से महिलाओं में बांझपन होने के कई कारण हैं लेकिन बहुत से डॉक्टर्स ऑपरेशन से गर्भपात कराने को इसका प्रमुख कारण मानते हैं।

## गर्भपात करवाने से शरीर को नुकसान

**बच्चा गिरना:** गर्भपात कराने से भी कई बार गर्भाशय ग्रीवा क्षतिग्रस्त हो जाती है तो आगे गर्भपात में परेशानी हो सकती है। यदि गर्भपात के दौरान बच्चेदानी क्षतिग्रस्त हो जाती है तो यह बच्चे के लिए भी खतरनाक होती है।

**समय पूर्व प्रसव:** ज्यादा बार गर्भपात कराने का यह एक मुख्य कारण यह है कि इससे समय पूर्व प्रसव के अवसर बढ़ जाते हैं और गर्भ नाल इससे गलत रूप से बढ़ जाती है।

**अस्थानिक गर्भावस्था:** बार-बार गर्भपात कराने से अस्थानिक गर्भधारण का खतरा पैदा होता है। अस्थानिक गर्भावस्था ना केवल जीवन के खतरनाक है बल्कि इससे प्रजनन क्षमता भी कम हो सकती है।

**पेडू के सूजन की बीमारी:** पेडू के सूजन की बीमारी भी बार-बार गर्भपात से होती है। पीआईडी एक खतरनाक बीमारी है जो कि बांझपन का कारण भी बन सकती है। यह फैलोपियन ट्यूब के ऊतकों पर घाव पैदा कर सकती है, जिससे आगे चलकर प्रजनन क्षमता में कमी होती है। कभी कभी पीआईडी गर्भपात या अबॉरशन के बाद भी हो सकती है।

**एन्डोमिट्राइटिस:** ज्यादा गर्भपात कराने से यह होता है। अबॉरशन के बाद यह समस्या होती है। 20 से 29 वर्ष की महिलाएं खास तौर पर इसका शिकार ज्यादा होती हैं।

**गर्भाशय में छेद होना:** गर्भपात कराने वाली 2 से 3 प्रतिशत मरीजों में यह परेशानी होती है जो महिलाएं पहले बच्चे को जन्म दे चुकी हैं। उनमें यह ज्यादा होता है। इस समस्या से ग्रसित मरीजों में कई बार गर्भपात के दौरान सामान्य एनेस्थेसिया भी देना पड़ता है।

**संक्रमण:** बार-बार गर्भपात कराने से महिलाओं में स्वास्थ्य से संबन्धित समस्याएं पैदा होती हैं जैसे कि ज्यादा रक्तस्राव, संक्रमण, ऐंठन, एनेस्थेसिया से संबन्धित जटिलताएं, एम्बोलिम, गर्भाशय में सूजन, एंडोटोक्सिक शॉक, गर्भाशय ग्रीवा का चोटिल होना, रक्तस्राव आदि।



# पान का सेवन दिलाता है कई बीमारियों से राहत

**पान** कई बीमारियों का नाश करता है। हम यह बात मान सकते है कि पान के पत्तों में सुपारी, तंबाकू, चूना आदि लगा कर खाने से स्वास्थ संबंधी बीमारी हो सकती है। लेकिन आगर आप केवल पान के पत्तें का इस्तेमाल करते है तो यह काफी लाभकारी हो सकता है। इसे खानें से गंभीर से गंभीर बीमारियों से निजात मिल सकता है। इसमें कई तरह के एंटीसेप्टिक गुण छिपे हैं।



## माउथ-फ्रेशर

पान के पत्तों में कई ऐसे यौगिक होते हैं जो सांसों में बदबू को खत्म करता है। इसके अलावा पान में लौंग, सौंफ, इलायची जैसे विभिन्न मसाले मिलने से ये एक बेहतरीन माउथ-फ्रेशर भी बन जाता है।

## पाचन में सुधार

पान के पत्ता का वैसे माउथ फेशनर की तरह इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसे चबाने से हमारें लिए कापी फायदेमंद हो सकता है। जब हम इसे चबा कर खाते है तब हमारी लार ग्रंथि पर असर पड़ता है। इससे सलाइव लार बनने में मदद मिलती है। जो हमारी पाचन तंत्र के लिए बहुत ही जरुरी है। अगर आपने भारी भोजन भी कर दिया है उसके बाद आप पान खा लें। इससे आपको भोजन आसानी से पच जाएगा।

## मुंह के कैंसर से बचाव

पान सिर्फ छोटी बीमारियों के लिए ही लाभकारी नही हा बल्कि गंभीर बीमारियों के लिए फायदेमंद है। पान के पत्ते को चबाने से मुंह के कैसंर से बचा जा सकता है।

## प्रजनन क्षमता

पान को सेक्स का सिंबल भी माना जाता है। सेक्स संबंध से पहले खाने से इस क्रिया का अधिक सुख लिया जा सकता है। इसलिए नए जोड़े को पान खिलाने की परंपरा भी काफी पुरानी है, इसलिए इसे खाने को दिया जाता है।

## मसूड़ों में सूजन आ जाने पर

अगर आपको मसूड़ों में गांठ, सूजन जा फिर खून आ रहा हो तो इसके लिए पान के पत्तों को पानी में उबालकर उन्हें मैश कर लें। इन्हें मसूड़ों पर लगाने से खून बहना बंद हो जाता है।

## गैस्ट्रिक अल्सर

पान के पत्ते के रस को गैस्ट्रोप्रोटेक्टिव गतिविधी के लिए भी जाना जाता है जिससे गैस्ट्रिक अल्सर को रोकने में मदद मिलती है।

## मसा का उपचार

पान के पत्तों से कब्ज दुर होती है इस दवा के इस्तेमाल से बिना कोई निशान छोड़े मसा को पूरी तरह से सही किया जा सकता है।

## बाल तोड़ में सहायक

इसका आयुर्वेद में बाल तोड़ फोड़े-फुंसी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पान के पत्ते गरम करके उसमें आरंडी का तेल लगाकर फोड़े पर लगाने से आराम मिलता है।

## मधुमेह

पान पर अध्ययन यह दिखाते हैं, कि इसमें मधुमेह रोधी गुण होते हैं और यह इसके उपचार में मदद करता है।

## खांसी करें सही

पान के पत्ते में शहद लगाकर खाने से खांसी में आराम मिलता है। इसके अलावा इससे छाती से बलगम दूर किया जा सकता है।

## सिरदर्द में राहत


पान के पत्ते की एनाल्जेसिक और ठंडी विशेषताओं की वजह से ऊपर से लगाने में यह तेज सिर दर्द से राहत दिलाने में मदद करेगा।

# क्या है हॉट योगा और इसे क्यों करें

योग के अदभुद लाभों के चलते न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में योग की ख्याति है। योगासनों के कई अलग अलग प्रकार और तकनीक हैं, और इनमें से एक है हॉट योगा। हॉट योगा प्राचीन योग का ही एक एक्स्ट्रीम फॉर्म है। इसे यदि साधारण योगा का मॉडर्न रूप कहा जाए तो गलत न होगा। हॉट योगा एक ग्लैमरस, लेकिन मुश्किल योग है। 90 मिनट के इसके एक सत्र में 26 जटिल आसन और दो प्राणायाम शामिल होते हैं। और इसकी खास बात है कि यह एक ऐसे कमरे में होता है, जहां का तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेड या उससे ऊपर रखा जाता है और वहां की आर्द्रता 50 प्रतिशत के आसपास होती है।



शायद इस आसनों को करते समय या इन्हें करने के पश्चात इस होने वाले गर्म तापमान के कारण ही इसे हॉट योगा कहा जाने लगा होगा। आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि जब तक पसीना बाहर न आए, एक्सरसाइझ का फायदा नहीं होता है। हालांकि इस बात के पीछे का तथ्य यह है कि पसीना इस बात का संकेत होता है कि आपने जरूर के हिसाब से शारिरिक गतिविधी की है और कैलोरी बर्न की हैं। शायद यही सब सोचते हुए कुछ योग एक्सपर्ट ने इस पसीना बहाऊ योग का आविष्कार कर लिया वरना तो योग करने से पसीना कम ही छूटता है। ऐसा माना जाता है कि हॉट योगा दांपत्य जीवन के साथ-साथ, मस्तिष्क व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक होता है, और इससे व्यक्ति तनाव मुक्त रहकर आत्मविश्वास से भरा रहता है। वैसे तो हॉट योगा के बहुत फायदे हैं लेकिन इसे करने से पहले इसके लिए ठीक ट्रेनिंग लेना बेहद जरूरी होता है।



# रणदीप हुड्डा ने की साउथ फिल्ममेकर्स की तारीफ

**रणदीप हुड्डा जल्द ही फिल्म जाट में नजर आएंगे। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने फिल्मों के रि-रिलीज होने पर कहा कि वे इसे भेड़चाल मानते हैं, क्योंकि अगर कोई एक चीज चल पड़ती है, तो सभी लोग वही करने लगते हैं।**

रणदीप हुड्डा हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि रि-रिलीज फिल्में बॉक्स ऑफिस पर क्यों अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं इसे भेड़ चाल मानता हूं। यह एक सोशल मीडिया ट्रेंड जैसा बन गया है। एक या दो फिल्में रि-रिलीज के बाद अच्छी चल गईं, इसका मतलब यह नहीं है कि सभी फिल्में अच्छी चलेंगी। अगर किसी एक जॉनर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है, तो उसके बाद सभी उसी तरह की फिल्में बनाने लगते हैं, जैसे अब स्त्री के बाद सभी हॉरर कॉमेडी फिल्में बनाने लग रहे हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मुझे नहीं लगता कि यह मापदंड होना चाहिए। इंडस्ट्री कई कारणों से संकट का सामना कर रही है। अब ज्यादा फिल्में नहीं बन रही हैं, बल्कि उनका कार्यान्वयन हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा, अब एक्सपेरिमेंट ओटीटी पर ही संभव है। हालांकि, यहां भी लोग सब्सक्रिप्शन के पीछे भाग रहे हैं, फिर भी ओटीटी पर उम्मीद बनी हुई है।

साउथ फिल्ममेकर्स की तारीफ करते हुए रणदीप ने कहा कि उनकी फिल्मों में असली इंसानी भावनाओं पर ध्यान दिया जाता है, जिससे उनकी फिल्में ज्यादा जुड़ी हुई और सच्ची लगती हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, वे हमारी तरह ही फिल्में बना रहे हैं, बस किरदारों को ज्यादा सच्चे तरीके से दिखाते हैं। जैसे पुष्पा में छह पैक एब्स नहीं हैं, बल्कि उसके पास दाढ़ी है और कंधा भी थोड़ा टेढ़ा है। बता दें, रणदीप हुड्डा और सनी देओल की अपकमिंग फिल्म जाट में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म में रणदीप विलेन का किरदार निभाएंगे।



# सादिया ने साझा की 'द डिप्लोमैट' से जुड़ी यादें

अभिनेता जॉन अब्राहम के अभिनय से सजी फिल्म 'द डिप्लोमैट' में सादिया खतीब भी नजर आईं। इस फिल्म की कहानी में जॉन ने राजनयिक जेपी सिंह का किरदार निभाया है। वहीं उस्मा नाम की महिला के किरदार में सादिया खतीब दिखीं। फिल्म में जेपी सिंह (जॉन अब्राहम) एक भारतीय महिला उस्मा (सादिया खतीब) को पाकिस्तान से बाहर निकालने और बचाने की कोशिश करता है, इसके लिए राजनायिक स्तर पर प्रयास करता है। हाल ही में सादिया ने इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ी यादें साझा कीं। सादिया खतीब ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक वीडियो में वह जॉन अब्राहम और फिल्म 'द डिप्लोमैट' की टीम के साथ डांस कर रही हैं। 'तू मेरा हीरो' गाने पर सादिया, जॉन के साथ खूब एंज्वॉय कर रही हैं। यह गाना जॉन की ही एक पुरानी फिल्म 'देसी बॉयज' का है।

## शारिब हाशमी संग गाना गाया

कुछ और वीडियो भी सादिया ने साझा किए हैं, जिसमें वह अभिनेता शारिब हाशमी के साथ हिंदी फिल्मों के पुराने गीतों को गुनगुना रही हैं। किसी-किसी वीडियो में दोनों एक्टर फनी डांस कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान सादिया ने अपने को-एक्टर्स के साथ खूब मस्ती-मजाक किया है।

सादिया ने जॉन और शारिब के अलावा फिल्म 'द डिप्लोमैट' के क्रू के साथ भी कुछ मजेदार तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही इन तस्वीरों के साथ एक कैप्शन भी लिखा है, 'यादों का पिटारा।' इसके अलावा फिल्म 'द डिप्लोमैट' का हैशटैग भी लिखा है। ठीक-ठाक रहा फिल्म का कलेक्शन फिल्म 'द डिप्लोमैट' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो यह फिल्म ठीक-ठाक बिजनेस ही कर सकी है। फिल्म ने अब तक कुल 31.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।



# 'पुष्पा 2' की सफलता के बाद अपना नाम बदलेंगे अल्लू

तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2' की बड़ी सफलता के बाद अपनी सक्सेस का लुत्फ उठा रहे हैं. इस फिल्म ने साल 2024 की आखिरी महीने में रिलीज होकर कई बड़ी फिल्मों के रिकार्ड्स को चकनाचूर किया था. सुकुमार के डायरेक्शन और अल्लू अर्जुन की दमदार परफॉर्मेंस ने दर्शकों से खूब प्यार बटोरा था. अब भी फिल्म को उसके जबरदस्त डायलॉग, एक्शन सीक्वेंस, गाने के लिए याद किया जाता है. थिएटर्स के बाद फिल्म को डिजिटल डेब्यू पर भी बहुत सरहाया गया. इस बीच अब खबर आ रही है कि फिल्म की बाद पुष्पा भाउ यानी अल्लू अर्जुन अपना नाम बदलने की सोच रहे हैं. हालांकि, इसपर एक्टर की ओर से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन अंक ज्योतिषी की सिफारिश के आधार पर अपने नाम में जोड़ सकते हैं, जिससे उनके उनका करियर और भविष्य दोनों सफल और अच्छा रहे. रिपोर्ट्स में बताया गया है कि एक्टर अपने नाम में दो ' ' और दो 'ह' जोड़ने सकते हैं. हालांकि, इसपर अल्लू अर्जुन ने कोई पुष्टि नहीं की है. मालूम हो कि अल्लू अर्जुन से पहले भी कई एक्टर्स ने अपने नाम के अक्षर में बदलाव किया है.

# 'फैमिली मैन 3' में हुई जयदीप अहलावत की एंट्री, मनोज बाजपेयी ने किया कन्फर्म

द फैमली मैन के तीसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अब इस सीरीज में पाताल लोक फेम अभिनेता भी नजर आने वाले हैं, जिसकी पुष्टि की गई है। जानिए पूरी खबर।

## मनोज वाजपेयी ने किया खुलासा

द फैमिली मैन सीरीज के मुख्य अभिनेता मनोज वाजपेयी ने ओटीटी प्ले से बातचीत करते हुए बताया कि पाताल लोक फेम अभिनेता जयदीप अहलावत द फैमिली मैन के आगामी सीजन में दिखने वाले हैं। अभिनेता ने कहा कि पाताल लोक 2 सीजन में अपनी शानदार भूमिका निभाने वाले जयदीप अहलावत हमारे साथ द फैमिली मैन 3 में दिखेंगे। अभिनेता मनोज ने बताया है कि यह सीजन बहुत बड़ा और रोमांचक होने वाला है।

## कब रिलीज हो रही सीरीज?

पिछली जानकारी के अनुसार द फैमिली मैन के तीसरे सीजन को इसी साल रिलीज किया जाना है। मनोज वाजपेयी ने बताया कि इस सीरीज को इसी साल नवंबर में रिलीज किया जाएगा। इस जानकारी ने फैंस के बेसब्री को और बढ़ा दिया है। हालांकि, ऑफिशियल तारीख की अभी कोई घोषणा नहीं की गई है। वेब सीरीज द फैमिली मैन के तीसरे सीजन में प्रियामणि (सुचित्रा तिवारी), शारिब हाशमी (जेके तलपड़े), अश्लेषा ठाकुर (धृति) सहित कई कलाकार फिर से नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले दो सीजन को दर्शकों का खूब प्यार मिला था।






# प्रभास की स्पिरिट को लेकर आया नया अपडेट, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी जानकारी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिनमें से फिल्म स्पिरिट को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है, जिसे खुद फिल्म के निर्देशक ने शेयर किया है।

## स्पिरिट की नई लोकेशन शूट मैक्सिको

उगादि पर्व के खास मौके पर, संदीप रेड्डी वांगा ने एक नया अपडेट दिया, जिससे प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश हैं। संदीप ने बताया कि वह और उनकी टीम हाल ही में मैक्सिको गए थे, जहां उन्होंने फिल्म की शूटिंग को लेकर खास जगह देखी हैं। उन्होंने यह बताया कि फिल्म का एक बड़ा हिस्सा मैक्सिको में ही शूट किया जाएगा, जिससे फिल्म में अंतरराष्ट्रीय तड़का नजर आएगा। टीम जल्द ही मैक्सिको जाकर लोकेशन फाइनल कर लेगी, ताकि आगे की शूटिंग शुरू हो सके।

## फिल्म स्पिरिट

संदीप रेड्डी वांगा, भूषण कुमार और प्रणय रेड्डी वांगा इस फिल्म मिलकर बना रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग की जानकारी से प्रभास के फैंस बेहद खुश हैं। प्रभास के प्रशंसकों को यह जानने की उत्सुकता है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। फिल्म को भद्रकाली पिक्चर्स और टी-सीरीज मिलकर बना रहे हैं। संगीत हर्षवर्धन रामेश्वर तैयार कर रहे हैं। यह फिल्म 2026 या उसके बाद कई भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

## प्रभास का वर्कफ्रंट

निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट के अलावा साउथ अभिनेता प्रभास द राजा साब में नजर आएंगे। मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है द राजा साब। फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, ऋद्धि कुमार और संजय दत्त के महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जनवरी 2024 में की गई थी।





# भूतनी के अलावा इन हॉरर थ्रिलर फिल्मों में नजर आएंगे संजय दत्त

**बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर फिल्मों में फैंस का दिल जीत जीतने के बाद अब हॉरर फिल्म में नजर आने वाले हैं। वैसे संजय दो हॉरर फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिनमें से एक बॉलीवुड फिल्म द भूतनी है और दूसरी साउथ की एक आगामी फिल्म है, जिसमें प्रभास मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।**

## द भूतनी

द भूतनी एक आगामी हॉरर बॉलीवुड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। हाल ही में फिल्म से सभी स्टार्स का पहला लुक शेयर किया गया, जो फैंस को बेहद पसंद आया। खौस तौर पर संजय का यह अवतार उनके फैंस के लिए काफी पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट हैं। द भूतनी इसके नाम से ही जाहिर है कि यह एक हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में संजय दत्त के अलावा सनी सिंह, मौनी रॉय और पलक तिवारी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में संजय बाबा के किरदार में नजर आएंगे।

## द राजा साब

द राजा साब मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। यह साउथ की एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में प्रभास, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, ऋद्धि कुमार और संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के कई पोस्टर पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं, जिनमें अभी तक सिर्फ प्रभास का लुक ही सामने आया है, लेकिन संजय के फैंस को द राजा साब में उनके अवतार को देखने का बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनामाघरों में रिलीज होगी।

## रक्त

संजय दत्त की फिल्म रक्त एक हॉरर फिल्म तो नहीं थी, लेकिन यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर जरूर थी, जिसमें संजय दत्त का किरदार काफी पसंद किया गया था। फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया है और इसमें संजय के अलावा बिपाशा बसु, डिनो मोरिया, और अमृता अरोड़ा जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाओं निभाई थी। रक्त की कहानी एक ऐसे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी पत्नी की रहस्यमयी मौत के बाद मानसिक रूप से अस्थिर हो जाता है। फिलहाल, संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म द भूतनी की रिलीज की तैयारी हैं, जो 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

# कुणाल कामरा के समर्थन में आए विद्युत जामवाल

अभिनेता विद्युत जामवाल ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अभिनेता कमाल आर खान के विवादित बयानों पर कभी सवाल क्यों नहीं उठाया जाता, जो अक्सर महिलाओं और भारत को निशाना बनाते हैं। विद्युत जामवाल ने अपने इंस्टाग्राम फीड पर खान के साथ-साथ कामरा का एक वीडियो साझा किया और हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता का हवाला देते हुए लिखा, गीता अध्याय 2 श्लोक 31। अर्थ- क्षत्रिय, आपको डगमगाना नहीं चाहिए, क्योंकि एक योद्धा के लिए धर्मपूर्ण युद्ध से अधिक शुभ कुछ भी नहीं है। अभिनेता ने पूछा, यहां एक आदमी (केआरके) है, जो देश से बाहर शरण ले रहा है, देश और उससे भी बदतर, हमारी महिलाओं के खिलाफ जहर उगलकर ध्यान आकर्षित कर रहा है। कोई भी उसके इरादे पर सवाल उठाने या उसे नीचे लाने के लिए संगठित नहीं होता, लेकिन हम एक स्टैंड-अप कॉमेडियन को उसके काम की वजह से तीव्र भावनाएं भड़काने के लिए फटकार लगाएंगे। क्या हम अपने देश और हमारी महिलाओं पर राजनेताओं के अधिकारों का समर्थन करते हैं?



# योगी सरकार ने माफ किए पिछले पांच सालों के चालान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने निजी और कामर्शियल वाहन स्वामियों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने यूपी में लंबे समय से वाहन चालान का भुगतान न करने वाले मालिकों को रियायत देते हुए उनका चालान निरस्त कर दिया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों वाहन मालिकों ने राहत की सांस ली है।



यह उन वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है जिनके अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में चालान काटे थे। ऐसे में जितने भी उत्तर प्रदेश में 1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2021 के बीच चालान काटे गये हैं, उनके सभी चालान निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जो विभिन्न अदालतों में लंबित है। यह सभी वाहनों पर लागू होते हैं।

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अदालत में संबंधित मामलों की सूची प्राप्त कर इन चालानों को पोर्टल से डिलीट कर दिए जाएं।

इस काम को 30 दिन के भीतर पूरा किया जाएगा। यूपी सरकार के इस कदम से बाकी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। शासन की ओर से इस संबंध में निर्देश सभी संभागीय परिवहन कार्यालयों में भेज दिए गए हैं।

आदेश में कहा गया है कि अदालत में लंबित चालान की सूची प्राप्त कर ई-चालान पोर्टल से इसे हटा दिया जाए।

# प्राधिकरण ने डेंगू व मलेरिया से लड़ने के लिए तैयार की कार्य योजना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर में लगातार बढ़ रहे डेंगू का मलेरिया की रोकथाम के लिए नोएडा प्राधिकरण में एक बैठक हुई। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी, कृष्ण करणेश ओएसडी महेंद्र प्रसाद शामिल हुए। इस मौके पर वर्षा ऋतु लंबे समय तक रहने व यमुना में बाढ़ आने के कारण पहले बीमारियों की रोकथाम करने के निर्देश दिए।




नोएडा में फोनरवा ओर अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को निर्देश दिए की वह अपने सेक्टर व सोसाइटी में सर्वे कराकर देखें की कलर खाली गमले टायर मैं पानी जमा नहीं हो पाए। नोएडा के गांव में मलेरिया की रोकथाम के लिया पंपलेट बाटे जाए।

नोएडा में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलने के लिए स्कूल, कॉलेज बीएसए सीएमओ ओर डीएमओ की ओर से आवश्यक सूचनाएं दी जाय। नोएडा प्राधिकरण के वाणिज्यिक औद्योगिक और संस्थागत एरिया में प्राधिकरण के उच्च अधिकारी अपने स्तर पर साफ सफाई की निगरानी रखें।

ऐसे में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री को सर्किल-6 से 10 तक के सेक्टरों की जिम्मेदारी दी गई है। ओएसडी महेंद्र प्रसाद को सर्किल-1 से 5 के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों की जिम्मेदारी दी गई है। एसीईओ वंदना त्रिपाठी को संस्थागत और स्कूल व कॉलेज की जिम्मेदारी दी गई है। एसीईओ कृष्ण करणेश, सतीश पाल सर्कल-1 से लेकर 10 तक के अंतर्गत आने वाले गांव की जिम्मेदारी दी गई है।

वही उद्यान विभाग को नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र में पढ़ने वाले पेड़ों की साफ सफाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्क सर्किल की ओर से अभियान चलाकर खाली भूखंडों की साफ सफाई के निर्देश दिए गए। नोएडा में आगामी 15 दिन के अंदर एंटी लारवा का छिड़काव किया जाए।

# लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मधूसूदन दादू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लघु उद्योग भारती अखिल भारतीय कार्यसमित की बैठक समालखा हरियाणा में आयोजित की गयी।



राष्ट्रीय अधिवेशन में सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ डा. कृष्ण गोपाल, पालक अधिकारी प्रकाश की उपस्थिति में वर्ष 2025-27 के लिये नोएडा निवासी मधुसूदन दादू को लघु उद्योग भारती अखिल भारतीय के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। दिल्ली निवासी ओम प्रकाश गुप्ता को अखिल भारतीय महामंत्री व महेश गुप्ता को अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष नामित किया गया।

मधुसूदन दादू पूर्व में अध्यक्ष उ.प्र.व अखिल भारतीय उपाध्यक्ष के पद पर भी रहें हैं। लघु उद्योग भारती उ.प्र. से राकेश गर्ग (आगरा) को अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री व दीपक अग्रवाल (आगरा) को अखिल भारतीय सचिव के पद का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर उपस्थित रहे।

इस मौके पर डा. कृष्ण गोपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तभी प्रगति कर सकते हैं जब तक सरकार की योजनाओं का पूरा ज्ञान उद्यमियों तक पहुंचे। योजनाओं की सही जानकारी व उनका लाभ मिलने से ही उद्योग वर्ग सशक्त होगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की विभिन्न इकाईयों से लगभग 200 उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# मॉरीशस के सिविल सेवकों ने देखा प्रशासनिक सिस्टम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मॉरीशस मध्य करियर सिविल सेवकों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने जनपद गौतमबुद्धनगर का भ्रमण किया। मॉरीशस देश के साथ प्रथम बार हुई सिविल सेवकों की ट्रेनिंग में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचकर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मेधा रूपम एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी सहित अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदौरिया, तहसीलदार जेवर प्रतीक चौहान, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार तथा सहकारिता विभाग से आलोक रंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

भ्रमण के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने जिले की प्रशासनिक रूपरेखा, कार्यशैली, विकास मॉडल तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी विस्तार से प्राप्त की। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने स्मार्ट सिटी मिशन, औद्योगिक विकास, बुनियादी ढांचा सुदृढ़ीकरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार जैसे क्षेत्रों में चल रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन द्वारा लागू की गई ई-गवर्नेंस व्यवस्था, डिजिटल सेवाएं, त्वरित शिकायत निस्तारण प्रणाली तथा निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सुविधा की विशेष सराहना की और इसे सुशासन एवं पारदर्शी प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

संवाद के दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने आपसी सहयोग, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय नोएडा एयरपोर्ट एवं इंटरनेशनल ट्रेड फेयर की जानकारी भी साझा की गई।

कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल को गौतमबुद्ध की प्रतिमा स्मृति स्वरूप भेंट की। वहीं एनसीजीजी भारत सरकार की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हिमान्शी रस्तोगी ने जिलाधिकारी को मेमेंटो भेंट किया।

# नोएडा के विकास प्रस्तावों पर जल्द तेजी लाए प्राधिकरण : फोनरवा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** फोनरवा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर आरडब्ल्यूए द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग की है। फोनरवा ने सेक्टरों में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ से यह मांग की है।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बताया कि लगभग तीन महीने पूर्व नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों के साथ हुई बैठक में आरडब्ल्यूए द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की स्थिति की समीक्षा के लिए सभी सर्किलों में बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में सर्किल प्रभारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार अधिकांश विकास कार्यों के प्रस्ताव अनुमोदन के लिए संबंधित प्राधिकारियों को भेजे जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जहाँ एक ओर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने अपने प्रस्तावों की स्थिति जानकर आंशिक संतोष व्यक्त किया, वहीं दूसरी ओर अनुमोदन एवं कार्यवाही की धीमी गति पर गहरी निराशा भी व्यक्त की। अनेक प्रस्ताव लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिसके कारण आवंटित बजट एवं वित्तीय संसाधनों का समुचित उपयोग नोएडा प्राधिकरण द्वारा नहीं हो पा रहा है। इससे न केवल नोएडा के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

फोनरवा महासचिव के.के. जैन ने कहा कि निवासियों के व्यापक हित और नोएडा के समग्र विकास को देखते हुए प्रस्तावित परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए कार्यवाही में गति लाना आवश्यक है।

# अधिवक्ताओं का हंगामा, पुतला बनाकर निकाली शव यात्रा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सब-रजिस्टार ऑफिस को स्थानांतरित किए जाने के विरोध में दादरी में वकीलों ने उग्र प्रदर्शन किया। वकीलों ने सब-रजिस्टार अधिकारियों का पुतला बनाकर अंतिम शव यात्रा निकाली और उसका अंतिम संस्कार भी किया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर सब-रजिस्टार कार्यालय को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया नहीं रोकी गई तो और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

दादरी तहसील में अधिवक्ताओं ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सब-रजिस्टार अधिकारियों का पुतला बनाकर अंतिम शव यात्रा निकाली और उसका अंतिम संस्कार भी किया। जानकारी के मुताबिक, सब-रजिस्टार कार्यालय को वेस्ट क्षेत्र में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसका अधिवक्ताओं ने विरोध किया है। उनका कहना है कि इससे न केवल अधिवक्ताओं को असुविधा होगी, बल्कि आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सब-रजिस्टार कार्यालय को दादरी तहसील में ही बनाए रखने की मांग अधिवक्ताओंने की।

अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि स्थानांतरण की प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। अगर इस पर रोक नहीं लगा तो अधिवक्ता और उग्र प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सब रजिस्टार अधिकारी के पुतले फूंके गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# बीआईटी में ईएसजी और राष्ट्रीय विकास पर विशेषज्ञ वार्ता श्रृंखला का हुआ आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, नोएडा परिसर में तीन दिवसीय विशेषज्ञ वार्ता श्रृंखला का सफल आयोजन किया। इन सत्रों का संचालन वरिष्ठ संकाय सदस्यों डॉ. एस. एल. गुप्ता और डॉ. चनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शोध पद्धतियों, सतत शासन और विकसित भारत 2047 की दृष्टि से अवगत कराना था। इस अवसर पर प्रोफेसर विकास त्रिपाठी निदेशक बीआईटी नोएडा ने सभी विशिष्ट वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. सुपर्णा दत्ता, सुश्री रचना प्रतिक, डॉ. अरुण मित्तल और डॉ. चनप्रीत कौर सहित अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने छात्र स्वयंसेवकों मनीष, अमन, मेघा, श्रिया सिन्हा, शश्वत कश्यप तथा अन्य विद्यार्थियों का धन्यवाद किया, जिनकी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा

